रोहतक
गुरुवार, 11 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 28, अंक : 165
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 38.6
न्यून. 28.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 भारत ने जिंबाब्वे को हराया, श्रृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त, गिल की फिफ्टी

## खबर संक्षेप

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुईं जैकलीन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े धन शोधन मामले में नये दौर की पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह मामला मशहूर लोगों से लगभग 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है। भाषा

### लद्दाख में 108 किलो सोना जब्त, तीन गिरफ्तार

**लेह।** आईटीबीपी ने भारत-तिब्बत सीमा पर तस्करी कर लाए गए सोने की 108 ईंटे जब्त की हैं। प्रत्येक ईंट का वजन एक किलो है। एक अधिकारी ने बताया कि मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सोना के अलावा दो मोबाइल फोन, एक दूरबीन, दो चाकू और कई चीन निर्मित खाद्य सामग्री जैसे केक और दूध भी जब्त की गई है। आईटीबीपी के इतिहास में उसके द्वारा सोने की यह सबसे बड़ी जब्ती है। भाषा

### कैथल का कुख्यात बदमाश जोगिंद्र ग्योंग फिलिपींस में पकड़ा



**कैथल।** कुख्यात गैंगस्टर सुरेंद्र ग्योंग के भाई जोगिंद्र ग्योंग को फिलिपींस में वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा हरा है कि वह दो साल से वहां नेपाल का कांत गुप्ता बनकर रह रहा था और कारोबार कर रहा था। जोगिंद्र पर हरियाणा में हत्या, फिरौती, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती व अन्य आपराधिक केस दर्ज हैं। अब कैथल पुलिस को उसके डिपोर्ट होने का इंतजार है। पुलिस जोगिंद्र पर कैथल में दर्ज हुए मामलों की पड़ताल में जुटी है। भाई सुरेंद्र ग्योंग के एनकाउंटर के बाद जोगिंद्र ने करनाल के जयदेव शर्मा की हत्या की थी। पुलिस ने एक मामले में उस पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा था। कैथल की बात करें तो वर्ष 2006 में हुए कैथल के प्लाइवुड व्यापारी नरेंद्र अरोड़ा हत्याकांड भी जोगिंद्र ने किया था। उसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका भाग गया था और जोगिंद्र ग्योंग को उसके दो अन्य साथियों के साथ पुलिस ने 2007 में वहीं से गिरफ्तार कर लिया था। हरिभूमि न्यूज

### सेना पर हमला मामले में 51 लोग हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सेना पर हुए हमले के सिलसिले में एक ट्रक चालक समेत 51 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। बता दें कि इस हमले में सेना के 5 जवान शहीद हो गए थे। जिस ट्रक के ड्राइवर के चालक को हिरासत में लिया गया है वह सेना के वाहनों के पीछे चल रहा था। आतंकियों ने घात लगाकर सैन्य वाहन पर हमला किया था। पुलिस और सेना जांच कर रही हैं।

---

**पीठ ने कहा**
किसानों की मांग केंद्र सरकार से

# शंभू बार्डर एक सप्ताह में पूरी तरह खोला जाए हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को दिए निर्देश

किसानों को दिल्ली की तरफ जाने की छूट दे दी जाए
6 माह से बंद हाईवे, अब और बंद नहीं रख सकते
13 फरवरी से शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने कहा कि सरकार एक हफ्ते में रोड क्लियर करे और वहां से बैरिकेड हटाए। हाईकोर्ट ने कहा कि शंभू बार्डर पर स्थिति शांतिपूर्ण है। हाईकोर्ट के जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया व जस्टिस विकास बहल ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किए। पीठ ने कहा कि किसानों की मांग केंद्र से है। इसलिए उन्हें दिल्ली जाने की छूट दे देनी चाहिए। याचिका में शंभू बार्डर खोलने व किसानों को दिल्ली जाने से रोकने का विरोध किया था। इस मामले में अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। बता दें कि किसान 13 फरवरी से शंभू सीमा पर डटे हैं। उनके दिल्ली चलो मार्च को रोक दिया गया था।



### कानून व्यवस्था भी बनी रहे

हाईकोर्ट ने शंभू बार्डर खोलने का आदेश देते हुए हरियाणा और पंजाब सरकार को यहां कानून व्यवस्था बनाए रखने को भी कहा है। कोर्ट ने किसानों को भी नसीहत दी कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखें। हाईकोर्ट ने कहा कि अब शंभू बार्डर पर महज 500 प्रदर्शनकारी हैं, इसलिए अब यह हाइवे खोल जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह हाइवे पिछले छह महीने से बंद है इसे अब और बंद नहीं रखा जा सकता है।

### शुभकरण की मौत की जांच करेंगे बालन

आंदोलन के दौरान किसान शुभकरण की मौत मामले में हाईकोर्ट ने बी सतीश बालन कमिश्नर ऑफ पुलिस झज्जर को मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल का प्रमुख बनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट में शुभकरण की मौत मामले में सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट पेश की गई, रिपोर्ट के अनुसार शुभकरण के सिर पर शाट गन की गोली का जख्म लगता है, सरकारी वकील द्वारा बताया गया कि हरियाणा पुलिस शाट गन का प्रयोग नहीं करती। इसके बाद कोर्ट ने फोरेंसिक रिपोर्ट को दोबारा सील करने का आदेश दिया।

---

**हांसी में एजेंसी के बाहर वारदात**

# हीरो एजेंसी के मालिक जजपा नेता की गोलियां मारकर हत्या

- जजपा व्यापार सेल के जिलाध्यक्ष थे रविंद्र सैनी
- बाइक पर आए तीन बदमाशों ने मारी गोलियां



मृतक



नागरिक अस्पताल में मौजूद शहर के व्यापारी व राजनीतिक पार्टियों के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी में बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारकर जजपा व्यापार सेल के जिला अध्यक्ष एवं हीरो मोटर एजेंसी के मालिक रविन्द्र सैनी की हत्या कर दी। हमलावरों ने एजेंसी के बाहर ही वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि रविंद्र को 3 गोलियां लगी हैं। हांसी से गुजरने वाले हिसार-दिल्ली हाईवे पर हिसार चुंगी के पास रविंद्र का सैनी हीरो मोटर्स के नाम से शोरूम है। बुधवार शाम को बदमाशों ने फोन पर बात कर रहे रविंद्र को गोलियां मारी। शोरूम पर काम करने वाले कारिंदे और पुलिस द्वारा मुहैया कराया गया गनमैन जगदीप गंभीर रूप से घायल रविंद्र सैनी को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गनमैन नहीं कर पाया बदमाशों पर फायर

सरकारी अस्पताल में मौजूद गनमैन ने बताया कि करीब छह बजे रविंद्र शोरूम के अंदर मौजूद थे, वह फोन पर बात करते हुए बाहर आ गए। तभी एक बाइक पर आए चार बदमाशों में से तीन ने रविंद्र पर फायर कर दिया और फरार हो गए। जब गनमैन मौके पर पहुंचा और जब उसने भाग रहे बदमाशों पर फायर करने की कोशिश की तो एक रेहड़ी संचालक व एक कार बदमाशों व उसके बीच में आ गई। इसके कारण वे बदमाशों पर फायर नहीं कर पाए और घायल रविंद्र को लेकर अस्पताल आ गए।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिटा: व्यापारी

नागरिक अस्पताल में मौजूद विभिन्न पार्टियों और व्यापारी नेताओं ने विधायक विनोद भयाना के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर व्यापारी नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। बदमाश पूरे हिसार जिले में सरेआम हवाई फायर कर फिरौती मांग रहे हैं। हिसार में 15 दिनों में फिरौती मांगने व गोलियां चलाने की कई वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस आज तक किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

**पहले भी की थी फायरिंग**

रविंद्र के शोरूम पर करीब छह-सात साल पहले भी बदमाशों ने फायरिंग की थी। उस मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। पुलिस इस गोलीकांड को उसी मामले से जोड़कर देख रही है।

---

**प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी ईडी के छापे**

**भिवानी, हिसार, तोशाम और हांसी में की कार्रवाई**
कई दस्तावेज भी जब्त किए

# कारोबारियों और कई खनन ठेकेदारों के ठिकाने खंगाले

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगातार दूसरे दिन भी कई कारोबारियों और खनन ठेकेदारों के ठिकाने खंगाले। जांच एजेंसी ने हिसार, हांसी, भिवानी और तोशाम में बुधवार को दूसरे दिन भी सुबह से ही छापेमारी शुरू कर दी और दस्तावेजों की जांच की। हिसार में ईडी की टीम सुबह 7 बजे इनेलो के वरिष्ठ नेता और कारोबारी राम भगत गुप्ता के ग्रीन पार्क स्थित घर और उनके बेटे संजय गुप्ता के ऑटो मार्केट स्थित महिंद्रा शोरूम पर पहुंची और दस्तावेज जांचे। इस कार्रवाई को जीएसटी चोरी से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, भिवानी में खनन ठेकेदारों पर छापेमारी की। लोकसभा चुनाव से पहले भी माइनिंग ठेकेदार वेदपाल तंवर व उसके साथियों पर छापेमारी करते हुए कार्रवाई की थी। बुधवार सुबह छह बजे से ईडी की टीमों ने भिवानी व तोशाम में माइनिंग ठेकेदारों के संस्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी में ठेकेदार व कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर रतेरा के भिवानी में सेक्टर 13 स्थित निवास पर ईडी की आठ सदस्यीय टीम ने छापेमारी की। इस टीम में पांच ईडी से जुड़े हुए अधिकारी व 3 सीआरपीएफ के जवान शामिल थे। जिनमें दो महिला सीआरपीएफ कर्मचारी थी।



हिसार में इनेलो नेता के घर और शोरूम पर रेड भिवानी में कांग्रेस नेता के कार्यालय पर भी कार्रवाई

### एजेंसी ने यहां की छापेमारी

**हिसार** : ग्रीन पार्क स्थित इनेलो नेता रामभगत गुप्ता के आवास और ऑटो मार्केट स्थित महेन्द्रा एजेंसी पर कार्रवाई।

**हिसार** : सेक्टर 15 में रिटायर्ड डीआरओ सतीश बिश्नोई के आवास पर छापामार कार्रवाई की। उक्त अधिकारी कुछ दिन पहले ईडी द्वारा गिरफ्तार किए वेदपाल तंवर के पड़ोसी हैं। संभावना है कि वे तंवर के पार्टनर रहे हो सकते हैं।

**हिसार** : अर्बन एस्टेट में अंजनी खारियावाला के आवास पर छापेमारी। अंजनी वाला अग्रसेन भवन के प्रधान भी हैं।

**हांसी** : अनाज मंडी में दुकान नंबर 103 में छापा मारा। यह दुकान आढ़ती रामबिलास सिंगला की है। यहीं पर उसका कार्यालय है। सिंगला आढ़ती का काम करते हैं और उनकी माइनिंग कारोबार में भी हिस्सेदारी बताई जा रही है। कुछ समय पहले कांग्रेस नेता स्वर्गीय सुरेंद्र मलिक के निवास पर भी ईडी की रेड पड़ी थी।

**भिवानी/तोशाम** : कांग्रेस नेता एवं खनन कारोबारी मा. सतबीर रतेरा के दो ठिकानों पर रेड की है। ईडी की टीम सुबह 6 बजे उनके भिवानी व तोशाम में आवास पर पहुंची। ईडी इससे पहले खनन में गड़बड़ियों के चलते उनकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर चुकी है। कांग्रेस नेता के यहां दूसरी बार रेड की गई है। भिवानी सेक्टर 13 स्थित घर पर सुबह 6 बजे 8 सदस्यीय टीम ने जांच की। तेरा कांग्रेस के नेता हैं और बवानीखेड़ा हलके से टिकट के मजबूत दावेदार हैं।

**तोशाम** : कारोबारी विनोद हसानिया के निवास पर भी सुबह छापेमारी की। विनोद का खनन क्षेत्र में पेट्रोल पंप, माइनिंग के कार्य में डंपर लगे हैं। उन्हीं के पेट्रोल पंप से खानक में गाड़ियों में तेल भरा जाता है।

---

**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा**

# यूपी में बस और कैंटर भिड़े, अठारह की मौत

**उन्नाव (भाषा)।** यूपी के उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में 19 अन्य घायल हो गए। मरने वालों में एक ही परिवार के छह सदस्य शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना तड़के करीब पांच बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोजीकोट गांव के पास हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार के मोतिहारी से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस की रफ्तार तेज थी और उसने दूध के टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी।



### मरने वालों में तीन महिलाएं

एडीजी एसबी शिरोडकर ने बताया कि दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 14 पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। 19 लोग घायल हैं। मरने वाले 18 लोगों में से 10 की पहचान हो चुकी है। मरने वालों में मेरठ के एक ही परिवार के छह सदस्य अशफाक (45), रूबी (40), गुलनाज (12), सुहैल (4), सोनू (32) तथा सोनी (28) शामिल हैं।

# सीबीआई जांच के लिए राज्य सरकार की सहमति जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी भी राज्य में जांच के लिए सीबीआई को राज्य सरकार की सहमति लेनी होगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की याचिका को सही ठहराया है। बता दें कि पश्चिम बंगाल में सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1 मई को याचिका लगाई थी। 10 जुलाई को कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य माना। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया कि, यह अर्जी सुनवाई योग्य नहीं है। शीर्ष कोर्ट ने कहा-बंगाल सरकार ने कानूनी पहलू उठाया है जिस पर विचार किया जाना चाहिए। कोर्ट इस मामले पर 13 अगस्त को अगली सुनवाई करेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार की याचिका को सही ठहराया**
■
**अब मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी**

---

**सीआरपीसी की धारा-125 के तहत कर सकती है दावा, सुप्रीम कोर्ट का तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं पर फैसला**

*धारा-125 सभी महिलाओं के संबंध में लागू होगी, चाहे वह किसी भी धर्म की हो*

# मुस्लिम महिला को भी पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिला भी आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-125 के तहत अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। इसके लिए वह याचिका दायर कर सकती है। शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि सीआरपीसी का यह कानून धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर चाहे वे किसी भी धर्म से ताल्लुक रखती हों। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, हम इस प्रमुख निष्कर्ष के साथ आपराधिक अपील को खारिज कर रहे हैं कि धारा-125 सभी महिलाओं के संबंध में लागू होगी, न कि केवल विवाहित महिलाओं पर। दोनों न्यायाधीशों ने अलग-अलग, लेकिन समवर्ती आदेश दिए।



पीठ ने कहा, अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी

### पत्नी इन तीन कारणों से भत्ते की हकदार नहीं

- वह किसी दूसरे पार्टनर के साथ हो।
- बिना किसी सही कारण के अपने पति के साथ रहने से मना कर दे।
- पति-पत्नी सहमति से अलग हुए हों।

**भरण-पोषण दान नहीं**

पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सीआरपीसी की धारा-125 के दायरे में मुस्लिम महिलाएं भी आती हैं। यह धारा पत्नी के भरण-पोषण के कानूनी अधिकार से संबंधित है। भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है। सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को सीआरपीसी की धारा-125 के धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान पर तरजीह नहीं दी जाएगी। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने गुजारे भत्ते के संबंध में परिवार अदालत के फैसले में दखल देने का समद का अनुरोध ठुकरा दिया था।

### क्या है सीआरपीसी की धारा 125

दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 (अब बीएनएसएस की धारा 144) में भरण पोषण का प्रावधान है। इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति जिसके पास अपना भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त साधन हैं, वह पत्नी, बच्चों और माता-पिता को भरण-पोषण देने से इनकार नहीं कर सकता।

### सीआरपीसी की धारा 125 में पत्नी की परिभाषा

सीआरपीसी की धारा 125 (अब बीएनएसएस की धारा 144) में पत्नी किसी भी उम्र की हो सकती है-नाबालिग या बालिग। पत्नी का अर्थ कानूनी रूप से विवाहित महिला है। विवाह की वैधता व्यक्तिगत कानूनों द्वारा नियंत्रित होगी। यदि कानूनी रूप से वैध विवाह का तथ्य विवादित है, तो आवेदक को विवाह साबित करना होगा। एक-दूसरे को माला पहनाकर की गई शादी को अमान्य करार दिया गया।



## खबर संक्षेप

### मानेसर के लोगों को आज मिलेंगे स्वामित्व पत्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह 11 जुलाई को मानेसर में शहरी क्षेत्र के लाल डोरे में रहने वाले भू-स्वामियों को स्वामित्व पत्र तथा मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के अंतर्गत मकान मालिकों को रजिस्ट्री प्रदान करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा।

### रोडवेज का निजीकरण कर रही सरकार : सैलजा



चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा से लोकसभा सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की सरकार प्राइवेट बसों के परमिट जारी कर हरियाणा रोडवेज को निजी हाथों में सौंपना चाहती है। उन्होंने

### प्रदेश बना नवाचार और उद्यमिता का प्रमुख केंद्र

चंडीगढ़। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि महिलाओं का समग्र सशक्तिकरण किसी देश के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं का सशक्तिकरण देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों से जुड़ा होता है जो कि देश की प्रगति में योगदान करते हैं। राज्यपाल गुरुग्राम में भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ (कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप-सीओडब्ल्यूई) के हरियाणा चैप्टर के शुभारंभ व शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

### प्लाटों की बिक्री में ड्रा-सिस्टम लागू करें

चंडीगढ़। सरकार द्वारा आगामी तीन माह में एचएसवीपी सेकटरों में खाली पड़े 15 हजार रिहायशी प्लाटों की बिक्री ई-ऑक्शन से करने के निर्णय लिया गया है। सरकार द्वारा रिहायशी प्लाटों की बिक्री ई-ऑक्शन से जारी रखने के निर्णय से ऑल सेक्टर रेजिडेनटस वेलफेयर एसोसिएशन ने कड़ा ऐतराज जताया है तथा सेकटरों के रिहायशी प्लाटों की बिक्री में ड्रा-सिस्टम लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप वत्स ने ये मांग उठाई।

# गुरुग्राम में 200 नई इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी व दस हजार सीसीटीवी लगेंगे

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गुरुग्राम के साथ फरीदाबाद, सोनीपत और पंचकूला विकास प्राधिकरण का करोड़ों रुपये का बजट पास




चंडीगढ़। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 13वीं बैठक मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2887.32 करोड़ के बजट प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान गई। शहर की निगरानी और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए सीसीटीवी कैमरों की क्षमता बढ़ाने, नए जल उपचार संयंत्रों का निर्माण और मौजूदा की क्षमता बढ़ाने, जल निकासी और सीवर उपचार संयंत्रों के नेटवर्क को मजबूत करने सहित विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा हुई। जीएमडीए प्राधिकरण ने शहर की निगरानी और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए 422 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सीसीटीवी परियोजना के चरण-3 के कार्यान्वयन को मंजूरी प्रदान की। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे इनकी संख्या वर्तमान में लगे 4000 सीसीटीवी से बढ़कर लगभग 14000 हो जाएगी।बैठक में सेक्टर 45-46-51-52 के जंक्शन पर यातायात भीड़ को कम करने के लिए एक फ्लाईओवर के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई, जिसके लिए 52 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, सेक्टर 85-86-89-90 के चौराहे पर भीड़भाड़ को कम करने और आवागमन को बढ़ाने के लिए 59 करोड़ रूपए की लागत से एक और फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।

■ जीएमडीए के 2887.32 करोड़ के बजट प्रस्ताव को स्वीकृति

बैठक में सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) के उन्नयन की परियोजना को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत वाटिका चौक से एनएच-48 सीपीआर तक एलिवेटेड कॉरिडोर और इंटरचेंज का निर्माण किया जाएगा। इस पर लगभग 620 करोड़ की अनुमानित लागत आएगी।

### फरीदाबाद : 2600 करोड़ रुपये मंजूर

वहीं फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की पांचवीं बैठक में फरीदाबाद वासियों को पेयजल और जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगभग 2600 करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी प्रदान की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत 22 रैनीवैल, रिवर्स रोटरी तकनीक से 70 ट्यूबवेल और 8 बूस्टिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके अलावा, अन्य बूस्टिंग स्टेशनों तक भी पानी की आपूर्ति करने के लिए सब्सिडरी बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण के साथ-साथ लगभग 500 किमी पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से जल आपूर्ति क्षमता 450 एमएलडी तक पहुंच जाएगी। वर्ष 2028-2029 तक इस बड़ी परियोजना के पूरा होने के बाद फरीदाबाद में रैनीवेल्स की संख्या 56 हो जाएगी और 220 ट्यूबवेल होंगे।बैठक में बरसाती पानी की निकासी के लिए सीवरेज की सफाई और पुराने सीवरेज सिस्टम को बदलने के लिए भी प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है।

### पंचकूला : 175 करोड़ का बजट पास

चंडीगढ़।मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो गांव नगर निगमों में शामिल हुए हैं और ऐसे गांवों की पंचायतों का पैसा भी नगर निगमों को ट्रांसफर हुआ है इसकी जानकारी दी जाए, ताकि वह राशि उन्हीं गांवों के विकास कार्यों पर खर्च की जाए। मुख्यमंत्री पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2024-2025 के दौरान 156.58 करोड़ रुपये के बड़े विकास कार्य कराए जाएंगे। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सेक्टर 32 में विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज बनाई जाएगी, जिसमें 13.75 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। बैठक में महानगर विकास प्राधिकरण के 175 करोड़ के बजट का मंजूरी दी गई है। बैठक की सबसे महत्वपूर्ण बात ये रही कि 2024-25 के बजट अभिभाषण में महानगर प्राधिकरणों के लिए सरकार की ओर से दी जाने वाली 100-100 करोड़ की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई।

### सोनीपत : 363 करोड़ से होंगे विकास कार्य

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में यहां आयोजित सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की पहली बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 363 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। इस बजट से सोनीपत महानगर क्षेत्र में विभिन्न ढांचागत विकास परियोजनाओं को वित्तपोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2023 को राज्य सरकार द्वारा 3 अक्तूबर, 2023 को अधिसूचित किया गया था। अधिनियम का उद्देश्य सोनीपत महानगर क्षेत्र के निरन्तर और संतुलित विकास के लिए एक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और शहरी पर्यावरण के सतत प्रबंधन का समर्थन करने और सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एसएमडीए को अतिरिक्त संसाधन आवंटित किए जाएंगे। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री से मिले व्यापारी, शास्त्र लाइसेंस देने की मांग



चंडीगढ़। प्रदेश के व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से भेंट कर व्यापारियों पर लगातार हो रहे हमले, गोलीबारी, फिरौती मांगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बदमाशों पर अंकुश लगाने एवं प्राथमिकता के आधार पर व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस देने की मांग की। भारतीय व्यापार मंडल के बैनर तले मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन और व्यापार मंडल प्रधान राम अवतार तायल के नेतृत्व में मिले व्यापारियों ने अन्य समस्याओं के साथ -साथ व्यापार के लिए सुरक्षित वातावरण देने, ढाई प्रतिशत दामी, मंडियों में विभिन्न व्यापार की अनुमति सहित अन्य मांगों को मुख्यमंत्री के सामने रखा।

### प्रोफेसरों की भर्ती जल्द

चंडीगढ़। प्रदेश के राजकीय कॉलेजों में खाली पड़े सहायक प्रोफेसर्स के हजारों पदों पर रेगुलर भर्ती की मांग को लेकर हरियाणा राजकीय कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रादेशिक उपाध्यक्ष प्रोफेसर सुभाष सपड़ा की अगुआई में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री सहित उच्च अधिकारियों से मिले और उन्हें मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने जल्द शिक्षकों की भर्ती का आश्वासन दिया।



### शिक्षामंत्री त्रिखा ने स्कूल मैनेजमेंट कमेटियों को सराहा

चंडीगढ़। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि स्कूल मैनेजमेंट कमेटियां अध्यापक और अभिभावक के मध्य एक मजबूत कड़ी का कार्य कर रही हैं। हमारा लक्ष्य हर छात्र के भविष्य और जीवन को संवारना और निखारना है। इसके साथ ही स्कूलों में अधिक से अधिक विधार्थियों का दाखिला और शिक्षा में गुणवत्ता हमारा उद्देश्य है। त्रिखा बुधवार को पंचकूला में जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन कमेटी प्रशिक्षण एवं कांफ्रेंस को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा आज से 11 दिनों तक प्रदेश भर के सभी जिलों में जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन कमेटियों द्वारा कांफ्रेंस का आयोजन किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में अध्यापक और अभिभावक वर्ग के बीच समन्वय बढ़ेगा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिले मोहनलाल बड़ौली



चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय नेता जेपी नड्डा से मुलाकात की। बड़ौली ने पुष्प गुच्छ भेंटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया। बड़ौली की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष से यह पहली मुलाकात है। दोनों नेताओं के बीच करीब आधा घंटा मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा विधानसभा चुनाव और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष से भी मिले और पुष्प गुच्छ देकर आभार जताया। मोहन लाल बड़ौली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन से मुलाकात के बाद कहा कि बुधवार को नड्डा और बीएल संतोष से शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करके मार्गदर्शन प्राप्त किया। बड़ौली ने कहा कि डबल इंजन सरकार पिछले 10 सालों से बिना भेदभाव किए समान रूप से प्रदेश का विकास कर रही है।



### ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV ए) (नियम 8 (6))

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय :- "एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001" के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पेक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री संजीव कुमार 2. गुप्ता मिल्क डेयरी 3. श्रीमती सुनहरी देवी (प्रोस्पेक्ट नं. 945303) | 6-अक्तू-2021 रु. 8,05,659/- (रुपये आठ लाख पांच हजार छह सौ उनसठ केवल) बोली बढ़ौतरी राशि रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट नं. 108 ए, माप 1359 वर्गफुट, वाका मौजा, डारा खेड़ा दिदार नगर, थानेसर, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, डारा खेड़ा दिदार नगर, थानेसर, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा, भारत। | 2-फर.-2024 कुल बकाया दिनांक 4 जुलाई 2024 के अनुसार रु. 13,54,944/- (रुपये तेरह लाख चव्वन हजार नौ सौ चवालीस केवल) | रु. 19,42,000/- (रुपये उन्नीस लाख बयालीस हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 1,94,200/- (रुपये एक लाख चोरानवे हजार दो सौ केवल) |
| 1. श्री सोनू 2. श्रीमती ललिता 3. सोनू ट्रैक्टर वाला (प्रोस्पेक्ट नं. IL10175008) | 11-अगस्त-2023 रु. 9,80,685.00/- (रुपये नौ लाख अस्सी हजार छह सौ पचासी केवल) बोली बढ़ौतरी राशि रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- फ्लैट नं. 603, तल नं. 6, कार्पेट एरिया माप 328 वर्ग फुट और सुपर बिल्ट अप एरिया माप 376 वर्गफुट, टावर बी, स्मार्ट होम, सेक्टर-32ए, करनाल, हरियाणा-132001 | 7-मार्च-2024 कुल बकाया दिनांक 4 जुलाई 2024 के अनुसार रु. 13,44,002/- (रुपये तेरह लाख चवालीस हजार दो केवल) | रु. 15,04,000/- (रुपये पन्द्रह लाख चार हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 1,50,400/- (रुपये एक लाख पचास हजार चार सौ केवल) |
| 1. श्री पवन कुमार 2. श्रीमती सुमन शर्मा (प्रोस्पेक्ट नं. 715508 & 10331) | 22-मार्च-2022 रु. 25,05,122/- (रुपये पच्चीस लाख पांच हजार एक सौ बाईस केवल) बोली बढ़ौतरी राशि रु. 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) | अग्रलिखित सम्पति के सभी भाग व हिस्से :- मकान नं. 2887, क्षेत्रफल माप 200 वर्गगज, मौजा गढ़ी मुंडो मोसुम्मा दुर्गा गार्डन एक्सटेंशन, जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा, पिनकोड : 135003 (क्षेत्रफल माप : 1050 वर्गफुट)। | 23-नव.-2023 कुल बकाया दिनांक 4 जुलाई 2024 के अनुसार रु. 38,12,136/- (रुपये अड़तीस लाख बारह हजार एक सौ छतीस केवल) | रु. 15,07,000/- (रुपये पन्द्रह लाख सात हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 1,50,700/-(रुपये एक लाख पचास हजार सात सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 24जुलाई-2024 11:00 बजे -14:00 बजे | 26-जुलाई2024 अप. 5 बजे तक | 29-जुलाई-2024 11:00 बजे -13:00 बजे |

भुगतान का मोड :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
टिप्पणी : प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
सफल बोली पर, बकाया भुगतान हेतु, आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना है। अकाउंट्स विवरण निम्नानुसार हैं :- ए) अकाउंट का नाम : आईआईएफएल होम फाइनेंस लि., बी) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, सी) अकाउंट नं. :- 9902879xxxxx, इसके पश्चात प्रोसपैक्ट नम्बर, डी) आईएफएससी कोड :- SCBL0036001, ई) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई-400001

नियम एवं शर्तें :-
1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वत: ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।
6. विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : 1800 2672 499
7. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।
8. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में पड़े घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
9. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
11. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना
कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वह निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी
स्थान : कुरुक्षेत्र, करनाल | दिनांक : 11.07.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.


## नेता प्रतिपक्ष हुड्डा की उपस्थिति में कई नेता कांग्रेस में शामिल



चंडीगढ़। भाजपा भिवानी जिला परिषद की चेयरपर्सन अनीता मलिक ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर कई कई पार्षदों और सरपंचों ने भी कांग्रेस ज्वाइन की। हुड्डा और उदयभान ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई और पार्टी में पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। जजपा प्रवक्ता रहे दिनेश अग्रवाल ने भी हुड्डा और चौधरी उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी ज्वाइन की।

### शंभू बॉर्डर खोलने का हाईकोर्ट का फैसला ऐतिहासिक : ढांडा



चंडीगढ\कुरुक्षेत्र। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा में प्रतिदिन हो रही गोलीबारी की घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। इस दौरान उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रतिदिन व्यापारियों से फिरौती मांगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रदेश में रोजाना खबरों में गोलीबारी की घटनाएं छाई रहती हैं। जिस तरीके से पुलिसकर्मी को सरेआम गोली मारी गई उस घटना ने पुलिस के इकबाल पर सवाल खड़ा कर दिया था। उन्होंने कहा कि सोमवार की रात बीजेपी नेता के घर पर गोलीबारी की गई। इससे स्पष्ट समझ आता है कि जिस प्रदेश में पुलिस और सत्ता में बैठी पार्टी के नेता सुरक्षित नहीं, उस प्रदेश में आम आदमी कैसे सुरक्षित हो पाएगा। पहले भी कई घटनाएं सामने आई हैं। रोहतक में एक फाइनेंसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## इनेलो-बसपा में गठबंधन का ऐलान आज

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे में नए सियासी समीकरण तैयार करने में जुटी इनेलो और बसपा के बीच में बृहस्पतिवार को गठबंधन का आधिकारिक तौर पर ऐलान होगा। इनेलो के वरिष्ठ नेता और विधायक अभय चौटाला और बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में इनेलो बसपा के बीच विधानसभा चुनावों को लेकर गठबंधन की घोषणा होगी। सूबे में नए सियासी समीकरण और सोशल इंजीनियरिंग में जुटे अभय सिंह चौटाला द्वारा दिल्ली में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों के साथ में मुलाकात के साथ ही दोनों दलों में गठबंधन की चर्चा तेज हो गई थी। प्रदेश के अंदर भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी का गठबंधन टूटने के बाद से आने वाले विधानसभा चुनावों में नई रणनीति के साथ उतरने का तैयारी इनेलो द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में इनेलो और बसपा के बीच गठबंधन की रणनीति तैयार की गई। नए समीकरणों और सोशल इंजीनियरिंग में कई नेता जुड़ गए हैं। सबसे पहले इनेलो के एकमात्र विधायक अभय चौटाला प्रदेश के अंदर दलित और जाट वोटों को एकजुट करने में लगे है।

### तीसरा मोर्चा बनाने का दावा

चुनावी सीजन में सक्रिय होने वाले बहुजन समाज पार्टी के नेता और पदाधिकारी प्रदेश के अंदर सामान्य दिनों में अधिक सक्रिय हो जाते हैं, भले ही संगठन मजबूत हो या नहीं। विधानसभा चुनावों के मद्दे नजर गत दिवस इनेलो विधायक और वरिष्ठ नेता अभय चौटाला ने बसपा सुप्रीमों मायावती के साथ मुलाकात कर नए समीकरणों के संकेत दिए। इसके साथ ही अब गुरुवार को इसकी अनौपचारिक घोषणा होने जा रही है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस के विरुद्ध एक विचारधारा वाले दलों को जोड़ने और प्रदेश के अंदर तीसरा मोर्चा तैयार करने तक का दावा किया है।

### लोकसभा चुनाव में दोनों दलों का लगा था झटका

लोकसभा चुनाव के नतीजों में इस बार बसपा और इनेलो दोनों पार्टियों के हाथ कुछ भी नहीं लगा है। दोनों ही दलों को एक भी सीट हासिल नहीं हुई और इनका वोट फीसदी भी काफी कम रहा है इनेलो की बात करें तो 0.04% जबकि बहुजन समाज पार्टी 2.04 फीस दी वोट ले गई है। इसमें इनेलो जहां हरियाणा की रीजनल पार्टी के तौर पर स्थापित है वहीं बहुजन समाज पार्टी का ज्यादा जनाधार उत्तर प्रदेश में इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी यूपी सहित काफी प्रदेशों में बेहद कमजोर स्थिति में पहुंच चुकी है। जिसके कारण सियासी भविष्य को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद बहुजन समाज पार्टी और इनेलो दोनों के सामने इस बात का संकट है कि वह सियासी आधार को कैसे बनाए रखें बहुजन समाज पार्टी 1997 में राष्ट्रीय पार्टी बनी थी लेकिन लोकसभा चुनाव में उसे एक भी सीट नहीं मिली है। उसका वोट शेयर दो फीसदी के आसपास रहा है। ऐसे में वह अपना राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो सकती है हरियाणा के अंदर इनेलो और बहुजन समाज पार्टी पहले भी मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं।



### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जगाधरी में लघु सचिवालय में मौजूदा मंजिला प्रशासनिक ब्लॉक के ऊपर अतिरिक्त तृतीय तल। | 09.07.2024 18.07.2024 | 365.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | गांव बाहरी, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में मेन फिरनी से शिव मंदिर (सतपाल के मकान के निकट) तक आईएलपीबी गली का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई। | 08.07.2024 27.07.2024 | 2.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्तारा में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण। | 09.07.2024 19.07.2024 | 209.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | शादीपुर, गांव शादीपुर, ब्लॉक गुहला, जिला कैथल में शमशान घाट में शैड का निर्माण + 3 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 73.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव जाजनपुर में बाल्मिकी शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण + 8 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 58.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | कठवार - गांव कठवार में टीक रोड से देशा के खेत तक सूखी ईंट रास्ता का निर्माण + 2 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 21.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | लोटनी 11.11 - गांव लोटनी (ईस्माईलाबाद) जिला कुरुक्षेत्र में शमशान घाट में बरामदा शैड ब्लॉक का निर्माण + 8 कार्य। | 10.07.2024 17.07.2024 | 75.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज पुन्हाना, नूह | गांव बिसरू ब्लॉक पुन्हाना, जिला नूह (हरियाणा) में पार्ला मोहल्ला निकट तीन कमरों और बरामदे का निर्माण + 11 कार्य। | 09.07.2024 16.07.2024 | 51.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168771845 sdoprpunhana@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज यमुनानगर | यमुनानगर जिले के विभिन्न गांवों में 82 अदद निर्माण कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग। | 09.07.2024 16.07.2024 | 484.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896419740 prexeen.ynr@hry.nic.in |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | औषधि, कंज्यूमेबल्स, छोटे उपकरणों और एक्स-रे फिल्मों की अधिप्राप्ति हेतु दर अनुबंध। | 10.07.2024 24.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812343757 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 11 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा जीन्द | जीन्द जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों हेतु ड्रग्स और अन्य मदों को खरीदना। | 08.07.2024 22.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901777799 cds.jind@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खानपुर कलां में फिरनी की आईपीबी टाइल्स सहित मरम्मत कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 95.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथूरा, ब्लॉक कथूरा में सामुदायिक हॉल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 39.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सेवली, ब्लॉक राई में जयभगवान पुत्र लालचंद के खेत से सुरेश पुत्र मांगे के खेत तक आईपीबी रास्ता की पेवमेंट। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 54.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चण्डीगढ़ | हरियाणा पंचायत भवन, सेक्टर-28ए, चण्डीगढ़ में एक वर्ष की अवधि के लिए सिक्योरिटी गार्ड स्टाफ, गार्डनिंग, पेस्ट कंट्रोल, जलापूर्ति, वैद्युत सेवाओं और अग्निशमन समेत हाउसकीपिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 10.07.2024 24.07.2024 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8837773935 hrdfboard@rediffmail.com |
| 16 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव भागवी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (शिवधाम) भागवी में शिवधाम (कॉमन) में चारदिवारी का निर्माण + 28 कार्य। | 05.07.2024 12.07.2024 | 188.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलकारा, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (एडब्ल्यूसी) में एडब्ल्यूसी का पुनरोद्धार + 6 कार्य। | 04.07.2024 12.07.2024 | 21.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रामनगर कपूरी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (फिरनी) में कपूरी में आईपीबी सहित फिरनी की पेवमेंट। | 04.07.2024 12.07.2024 | 13.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 41 निहित सूची (41 मदों का सिंगल लॉट)। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 20 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 06 निहित सूची (06 मदों का सिंगल लॉट)। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 21 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 115 निहित सूची (115 मदों का सिंगल लॉट)। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 22 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 30 निहित सूची (30 मदों का सिंगल लॉट)*। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/440/27688/I/88/6 दि. 10.07.24


हरियाणा सरकार
"स्वामित्व योजना, सिर्फ कानूनी दस्तावेज़ देने की योजनाभर नहीं है, बल्कि ये आधुनिक टेक्नॉलॉजी से देश के गांव-शहर में विकास और विश्वास का नया मंत्र भी है।"
- नरेन्द्र मोदी
लाल डोरा से मुक्ति
अपनी संपत्ति की शक्ति
मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना
के तहत रजिस्ट्री वितरण
एवं
शहरी लाल डोरा संपत्ति प्रमाण-पत्र वितरण
राज्य स्तरीय समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा
गरिमामयी उपस्थिति
श्री सुभाष सुधा
राज्य मंत्री, शहरी स्थानीय निकाय (स्व. प्र.), हरियाणा
दिनांक - 11 जुलाई, 2024
समय - प्रातः 11 बजे
स्थान - डी.सी.पी. कार्यालय के सामने, आई.एम.टी. चौक, मानेसर, गुरुग्राम
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

भाजपा के प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार हरियाणा आए डॉ. सतीश ने कांग्रेस पर निशाना साधा

# दिल्ली की सड़कों पर होती थी कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार की चर्चा : डॉ. पूनिया

■ भाजपा का कार्यकर्ता मेहनत करता है तब देश व प्रदेश में खिलता है कमल का फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार हरियाणा आए डॉ. सतीश पूनिया ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश प्रभारी पूनिया ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर कांग्रेस के भ्रष्टाचार और परिवारवाद की खूब चर्चा होती थी। हरियाणा का इतिहास सदा कांग्रेस के खिलाफ रहा है जनता ने लगातार दस साल से कांग्रेस को नकारा हुआ है और आगे भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने के लिए जनता तैयार बैठी है। डॉ. पूनिया बुधवार को हिसार में विस्तारित जिला कार्यकारिणी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जब मेहनत करता है तो देश और प्रदेश में कमल खिलता है।

## हिसार में विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक



हिसार। बैठक में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश के युवा बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरी पा रहे

प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस पर इशारे ही इशारों में तंज कसते हुए कहा कि पहले लोग बोलते थे पूरी दुनिया में भाजपा की सरकार बन जाएगी, लेकिन हरियाणा में कभी नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि 2014 में हरियाणा की जनता ने यह करिश्मा करके दिखाया और पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व और स्वाभिमान है कि हरियाणा के लोगों ने ऐसा करिश्मा दो बार किया और तीसरी बार भी जनता हरियाणा में कमल का फूल खिलाएगी। डॉ. पूनिया ने कहा कि पिछले 10 सालों से मोदी और हरियाणा की डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश को विकसित बनाने की राह पर तेजी से लेकर जा रही है। हरियाणा में भाजपा सरकार ने पारदर्शी शासन व्यवस्था देकर कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उखाड़ने का काम किया है। हरियाणा का युवा बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरी लग रहा है।

### पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित कई नेताओं ने किया संबोधित

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, विधायक भव्य बिश्नोई और विधायक विनोद भयाना ने भी कार्यकारिणी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से जनता वाकिफ है। झूठ बोलकर चुनाव लड़ना कांग्रेस की पुरानी आदत है। प्रदेश की जनता तीसरी बार झूठ बोलने वाली कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता को बताएं कि कांग्रेस सिर्फ भ्रष्टाचार करने के लिए ही चुनाव लड़ती है। देश और प्रदेश की उन्नति तथा जनता की भलाई के लिए कांग्रेस के पास कोई योजना नहीं है। कांग्रेस का मकसद परिवारवाद को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी मेहनत के साथ विधानसभा चुनाव जीतने की तैयारी में जुट जाएं।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Dr. Monika Khanagwal
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Sudesh
Vs.
General Public
CNR No. HRJR02-000852-2022
Next Date:- 14-08-2024
PUBLICATION ISSUED TO :
General Public:-
INDIA
In above titled case, the defendant (s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 14.08.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (Dr. Monika Khanagwal)
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 06-07-2024

## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने ट्रक चालक से लूटी 90 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र के बल्लेवाला जोन में बजरी लेने के लिए आए ट्रक चालक से बदमाशों ने मारपीट कर 90 हजार रुपये लूट लिए। इस दौरान आरोपी बदमाशों ने पत्थर मारकर ट्रक का शीशा भी तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गुजवि के चार विद्यार्थियों को मिली नौकरी

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से दिल्ली आधारित कंपनी ने ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के चार विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने चयनित चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

### रेवाड़ीः ऑनर किलिंग में दो सगे भाई गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** चिताडूंगरा में गत 8 जुलाई की रात किशोरी से मिलने के लिए आए राजस्थान के युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में थाना खोल पुलिस ने दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### पेट्रोल डालने के बाद पैसे मांगे तो सेल्समैन को लूटा

**रेवाड़ी।** खंडोड़ा के पास एक पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल डलवाने के लिए आए लोगों ने पेट्रोल के पैसे मांगने पर सेल्समैन को पिस्तोल दिखाकर नकदी लूट ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। बावल थाना पुलिस ने लूट और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

नप के अधिकारियों ने नक्शा मांगा, पेश नहीं कर पाने पर कार्रवाई

# गोहाना में बदमाश की कोठी पर चला बुलडोजर

■ लाठ गांव में वरुण उर्फ मणी ने गोहाना की चोपड़ा कॉलोनी में कोठी बनाई थी

■ मणी का नाम 15 सितंबर 2023 को रमेश और राज सिंह की हत्या में आया था

**पीला पंजा कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बुधवार को प्रशासन ने दोहरे हत्याकांड में संलिप्त आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चौपड़ा कालोनी में उसकी कोठी पर जेसीबी चलवाई। कोठी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। नगर परिषद के अधिकारियों ने कार्रवाई से पहले कोठी का नक्शा मांगा। नक्शा पेश न करने पर कार्रवाई की गई। आसपास 10 मकानों के बाहर गली में बनाए गए रैंपों को भी तोड़ा गया। नगर परिषद ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की। 15 सितंबर 2023 को गांव लाठ के रमेश और राज सिंह की लाठ-जौली चौक में ताबड़तोड़ फायरिंग करके हत्या कर दी थी। चौक में खड़ा एक अन्य व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था। रमेश के चचेरे भाई मनजीत की शिकायत पर सदर थाना गोहाना में पांच नामजद व अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस दोहरे हत्याकांड में कई आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस जांच में बाद में इस हत्याकांड में मूलरूप से गांव लाठ और हाल में चोपड़ा कालोनी में रह रहे वरुण उर्फ मोनी की संलिप्तता भी मिली थी। इस वारदात में एसएजी यूनिट सेक्टर 7 की पुलिस ने वरुण को 23 जून 2024 को गिरफ्तार किया था और वह अब जेल में बंद है।

### कोठी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया

बुधवार दोपहर को नगर परिषद के एमई बृजेश हुड्डा, भवन निरीक्षक विजय सिक्का, पुलिस विभाग से एसीपी सोमबीर, सदर थाना के प्रभारी महिपाल, शहर थाना के प्रभारी मोहन सिंह भारी पुलिस बल के साथ चोपड़ा कालोनी में पहुंचे। वहां पर एक गली में कई लोगों द्वारा बनाए गए अवैध रैंपों पर बुलडोजर चलवाया। इसके बाद अधिकारी वरुण उर्फ मोनी की कोठी पर पहुंचे। अधिकारियों ने कोठी का नक्शा मांगा। नक्शा पेश न करने पर कोठी पर बुलडोजर चलवा दिया गया। कोठी को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया।

**MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR** नगरपालिका कलानौर
E-mail ID- secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in Off Tel. No. 01258-299022, 299422
**मुनादी**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलानौर अपनी बकाया कृषि योग्य भूमि के शेष बचे पट्टों व इसके साथ ही प्रार्थी के आवेदन अनुसार किला नं. 67//3 (2 कनाल, 10 मरले) व 68//1 को भी आगामी वर्ष 2024-25 व 2025-26 (02 वर्ष) के लिए पट्टे पर खुली बोली द्वारा देना चाहती है। इसके लिए दिनांक 19.07.2024 को प्रातः 11 बजे का समय निर्धारित किया गया है। पट्टे पर दी जाने वाली भूमि/ किला/खसरा नं./रकबा व बाकी शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका कलानौर कार्यालय में आकर देखी जा सकती है, जो भी व्यक्ति भूमि को पट्टे पर लेने का इच्छुक हो, निश्चित तिथि व समय पर नगरपालिका कलानौर के कार्यालय में उपस्थित होकर मौके का लाभ उठाए।
हस्ता/-सचिव
नगरपालिका कलानौर
संवाद-1078/11/504/2025/27659/C/88/6 दि. 10.07.24

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार) जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई-नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।
(नीलामी केटलॉग सं.: UMBMPS-Ctg-0124) रेट यूनिटः- वार्षिक लाइसेंस फीस

| क्र सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-BOF-GMU-66-24-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) रिफेरेसमेंट रूम सभी श्रेणी के लिए बरोग रेलवे स्टेशन पर) | 23.07.2024 को 10:30 बजे |
| 2 | MPS-UMB-KLK-MPS-4-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टाल) कालका रेल्वे स्टेशन के पीएफ नंबर 2 एवं 3 के शुरुआत में आयाम 3.048 मी x 1.82 मी के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान (General Women) के लिए | 23.07.2024 को 10:40 बजे |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।
2095/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सीएम ने कानून व्यवस्था को लेकर की अहम बैठक

# पुलिस प्रशासन तोड़े गैंगस्टर और अपराधियों का नेटवर्क

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



पुलिस की जनहितैषी छवि को बरकरार रखने के निर्देश

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की मजबूत स्थिति को बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गैंगस्टरों के नेटवर्क पर प्रहार करते हुए अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करें। प्रदेश में गैंगस्टरों एवं शातिर अपराधियों के खिलाफ अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए।

मुख्यमंत्री बुधवार को यहां प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बुलाई गई एक समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में फिरौती सहित क्राइम की अन्य घटनाओं पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए कहा कि फील्ड में पुलिस की प्रजेंस ऐसी हो जिससे अपराधियों में भय पैदा हो और वे डर के कारण बाहर ही ना निकले। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर पुलिस अपराधियों पर कड़ाई बरतते हुए क्राइम की तमाम घटनाओं पर ब्रेक लगाए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद वे स्वयं पुलिस विभाग की एक और बैठक लेकर क्राइम रेट की समीक्षा करेंगे। पुलिस की जनहितैषी छवि को बरकरार रखने के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी पीड़ितों से मिले।

ग्रीवेंसिज कमेटी मीटिंग में मंत्री कंवरपाल ने सुनी शिकायतें

# पंचकूला में पेमेंट विवाद में हुडा अधिकारी सस्पेंड, 3 मामलों में एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला



जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 19 एजेंडों पर हुई सुनवाई

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने बुधवार को पंचकूला में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनवाई करते हुए पेमेंट में देरी करने वाले अधिकारी को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। अन्य तीन मामलों में एफआईआर दर्ज करवाने को कहा है। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई बैठक में 19 शिकायतें रखी गई। अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता मौजूद रहे। बैठक में मंत्री कंवरपाल ने पिंजौर निवासी सुमन धीमान की शिकायत पर एन्हांसमेंट की पेमेंट देने में देरी करने वाले अधिकारी को सस्पेंड करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही बची हुई पेमेंट को 15 दिन में जारी करने निर्देश दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी 412.5 गज जगह को अधिग्रहण किया था। इसके अवार्ड की पेमेंट तो उन्हें दे दी, पर एन्हांसमेंट की पेमेंट के लिए चक्कर काटने पड़े। अब एक दिन पहले ही करीब 370 गज की पेमेंट की गई है। मंत्री ने गांव माजरी जटटा निवासी जसबीर सिंह, कुलविंद्र की शिकायत पर एक ही निशानदेही पर दो रिपोर्ट बनाने के मामले में कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही मामले की दोबारा से निशानदेही करने के निर्देश दिए। शिकायत में बताया गया कि गांव के कुछ लोगों ने नाजायज कब्जा करके निर्माण किया हुआ है। निशानदेही करने गए कानूनगो ने दो रिपोर्ट बनाकर दी जिसमें एक में कब्जा और दूसरी में कब्जा नहीं होने बारे लिखा गया। गांव चपेहर रणजीत सिंह की शिकायत पर डीसी को एडीसी से एक सप्ताह में रिपोर्ट लेकर एफआईआर दर्ज करवाने के आदेश दिए है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | ब्लड डोनर चेयर्स की खरीद। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 1.25 लाख | www.mdu.ac.in | 8295951007 uyrc@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27670/I/88/6 दि. 10.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा भिवानी | उपयोग की हुई उत्तर पुस्तिकाओं, ओएमआर और बिना उपयोग किए हुए प्रश्न-पत्र/ बुकलेट्स/ पाठ्य पुस्तिकाओं की बिक्री। | 09.07.2024 16.07.2024 | 90 लाख | http://www.bseh.org.in | 9306383433 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27687/I/88/6 दि. 10.07.24

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

### वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर 17/18 थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ऑटो चला रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मृतक युवक के पिता की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Dr. Monika Khanagwal
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Santosh widow of Prakash
Vs.
General Public
CNR No. HRJR02-000933-2024
Next Date:- 03-08-2024
PUBLICATION ISSUED TO :
General Public:-
INDIA
In above titled case, the defendant (s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 03.08.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- (Dr. Monika Khanagwal)
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 06-07-2024


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Vishal-I
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Nikhil through his mother Suman
Vs.
Dharmbir
That Pass a decree in favour of the plaintiff and against the defendants
CNR No. HRJR02-001157-2020
Next Date:- 12-08-2024
PUBLICATION ISSUED TO :
Def-4:- Parshant S/o Prem
R/o Village Birohar, Tehsil Matanhail, Distt. Jhajjar
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 12-08-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Additional Civil Judge, (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 08.07.2024

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा**
वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक मंडल इंजीनियर/अंबाला अनुभाग में लॉन, पार्क आदि के रखरखाव के लिए बागवानी कार्य। | ₹49,50,493/- | ₹99,000/- | 12 महीने | 05.08.2024 |
| 2. | सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर के अधीन सहारनपुर-अंबाला के सेक्शन में महत्वपूर्ण Br. no. 245, 1317, 219, 242, 251, 263 पर पीएफ/वॉकवे, सीढ़ियाँ, टो वॉल, स्टोन पिचिंग और अन्य संबंधित कार्य। | ₹1,88,83,365/- | ₹2,44,400/- | 10 महीने | 05.08.2024 |
| 3. | सहायक मंडल इंजीनियर/ट्रैक/अंबाला के अधीन अंबाला मंडल में फ्लैश बट वेल्ड्स (एफबीडब्ल्यू) के लिए Phased Array Ultrasonic Testing (PAUT). | ₹58,15,287/- | ₹1,16,300/- | 18 महीने | 05.08.2024 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे।
3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
4) ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।
खुली निविदा संख्या 16-अम्बाला/2024-25 दिनांकः 10.07.2024 2102/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5568



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5567 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 5579

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5578 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |



**25** मैचों में दागे **28** गोल **14** गोल कोपा अमेरिका के **2-0** से कनाडा का हराया

# कोपा अमेरिका : मेसी ने दागा रिकार्ड 109वां गोल, फाइनल में अर्जेंटीना

एजेंसी ▸▸ ईस्ट रदरफोर्ड

लियोनेल मेसी के अपने कॅरियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली।



## मेसी दुनिया दूसरे सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर

मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं। इक्वाडोर के खिलाफ 2000 में किए गए उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद हैं।

### 10 मैचों से अजेय

अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है। अर्जेंटीना रविवार को होने वाले फाइनल में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करके रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

### देश के लिए खेलता रहूंगा

'जैसा मैंने पहले कहा था कि मेरा आगे भी खेलने का इरादा है। मैं भविष्य के बारे में सोचने के बजाय हर दिन को जीना चाहता हूं। मैं अभी 37 साल का हूं और मैं खेल को कब अलविदा कहूंगा इसके बारे में केवल भगवान ही जानता है।'

-लियोनेल मेसी

# यूरो 2024 : स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह



**म्यूनिख।** लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए जिसकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। फ्रांस ने रैंडल कोलो मुआनी के आठवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के क्रॉस पर हेडर से किए गए गोल के दम पर शुरुआती बढ़त हासिल की लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया। स्पेन रविवार को बर्लिन में होने वाले फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

### अब तक 13 गोल

*स्पेन यूरो 2024 में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है। यह एकमात्र टीम है जिसने अपने सभी मैच जीते हैं और 13 गोल किए हैं, जो यूरोपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने के स्पेनिश रिकॉर्ड के बराबर और फ्रांस के 1984 में बनाए गए रिकॉर्ड से एक गोल कम है।*

## खबर संक्षेप




### रचिन को न्यूजीलैंड का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। रविंद्र ने पिछले सत्र में 578 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर रहे। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स में 1.80 करोड रुपए में खरीदा था।

### रियाज और रज्जाक को पीसीबी ने पद से हटाया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पिछले महीने टीम के टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व टेस्ट क्रिकेटर वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को अपनी चयन समिति से बर्खास्त कर दिया। वहाब और रज्जाक एक ऐसी समिति का हिस्सा थे, जिसका कोई अध्यक्ष नहीं था और इसमें राष्ट्रीय टीम के कप्तान, मुख्य कोच और एक डेटा विश्लेषक शामिल थे। पीसीबी ने बयान में कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पुष्टि करता है कि उसने अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज को सूचित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन समिति में अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी।'

### पैरा निशानेबाज रुबिना ने जीता ओलंपिक कोटा



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज रुबिना फ्रांसिस और स्वरुप उन्हाल्कर ने बुधवार को 'वाइल्डकार्ड' के अंतर्गत पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया जिससे इन खेलों में पैरा निशानेबाजों की संख्या 10 हो गई। भारतीय पैरालंपिक समिति ने रुबिना (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरुप (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल एचएच1) के लिए वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह किया था। पिछले साल हांग्झोउ एशियाड खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रुबिना और स्वरुप अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं।

## टी-20 : सुंदर ने तीन विकेट लेकर की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

# भारत ने जिंबाब्वे को हराया, शृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त, गिल की फिफ्टी

एजेंसी ▸▸ हरारे

भारत ने जिंबाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 23 रन की जीत के साथ पांच मैच की शृंखला में 2-1 की बढ़त बनाई। भारत के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर (तीन विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। आवेश खान ने 39 रन देकर दो जबकि खलील अहमद ने 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। डियोन मायर्स (नाबाद 65 रन) ने कॅरियर का पहला अर्धशतक जड़ा लेकिन जिंबाब्वे को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने जिंबाब्वे की बेहद खराब शुरुआत के बाद क्लाइव मेडांडे (37) के साथ छठे विकेट के लिए 77 और वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा (नाबाद 18) के साथ सातवें विकेट के लिए 21 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी भी की।




### शुभमन का अर्धशतक

सलामी बल्लेबाज गिल ने इससे पहले 49 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा यशस्वी जायसवाल (36) के साथ पहले विकेट के लिए 67 और रुतुराज गायकवाड़ (49) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने चार विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का बेनेट बो रजा | 36 | 27 | 4 | 2 |
| गिल का रजा बो मुजरबानी | 66 | 49 | 7 | 3 |
| अभिषेक का मरुमानी बो रजा | 10 | 09 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का माधेवेरे बो मुजरबानी | 49 | 28 | 4 | 3 |
| संजू सैमसन नाबाद | 12 | 07 | 2 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 182/4
गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजरबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्ज़ा 3-0-25-0, माधेवेरे 1-0-19-0.

| जिंबाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| माधेवेरे का अभिषेक बो आवेश | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मरुमानी का दुबे बो खलील | 13 | 10 | 3 | 0 |
| बेनेट का बिश्नोई बो आवेश | 04 | 05 | 1 | 0 |
| डियोन मायर्स नाबाद | 65 | 49 | 7 | 1 |
| रजा का रिंकू बो सुंदर | 15 | 16 | 3 | 0 |
| कैंपबेल का स्था पराग बो सुंदर | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मेडांडे का रिंकू बो सुंदर | 37 | 26 | 2 | 2 |
| मसाकाद्ज़ा नाबाद | 18 | 10 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 159/6
गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, सुंदर 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0.

### पूजा की महत्वपूर्ण होगी भूमिका

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण



अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में किए गए प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

वेतन द्रविड़ और शास्त्री के समान होने की उम्मीद

# गंभीर के वेतन के करार पर अभी हस्ताक्षर नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर गौतम गंभीर की नियुक्ति की वित्तीय औपचारिकताएं अभी पूरी की जानी बाकी हैं। इस समय उनके लिए सबसे अहम चीज तीन साल के कार्यकाल के दौरान आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के मद्देनजर पसंदीदा सहयोगी स्टाफ रखना है। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव जय शाह ने आधिकारिक रूप से गंभीर की नियुक्ति की घोषणा की जिसका



लंबे समय से पूर्वानुमान लगाया जा रहा था। हालांकि पता चला है कि उनका वेतन अभी तय किया जाना बाकी है, हालांकि यह उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री के समान होने की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'गौतम के लिए जिम्मेदारी संभालना ज्यादा महत्वपूर्ण था, वेतन और अन्य चीजों पर काम किया जा सकता है। यह 2014 में रवि शास्त्री जैसा मामला ही है जिसमें उन्हें पहली बार मुख्य कोच डंकन फ्लेचर की जगह क्रिकेट निदेशक बनाया गया था। जिस दिन रवि जुड़े थे, उनका तो अनुबंध भी नहीं था और चीजें बाद में पूरी की गईं। गौतम के मामले में भी, कुछ बारिकियों पर काम जारी है।

### संन्यास ले लिया पर टीम से जुड़ा रहूंगा

*नई दिल्ली।* *भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने भले ही अंतरराष्ट्रीय करियर को*



*अलविदा कह दिया हो लेकिन वह टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनका कहना है कि वह देश को मुकाम पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ट्रॉफी दौरे को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मौजूद छेत्री ने कहा कि भारत एक दिन ऐसे मुकाम पर पहुंचेगा जिसका देश के लोगों ने सपना देखा है।*

## ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर

# सूर्यकुमार टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार

एजेंसी ▸▸ दुबई

स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद ऋतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 797 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर




आजम (755), मोहम्मद रिजवान (746) और जोस बटलर (716) का नंबर उनके बाद आता है। जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 100 रन की आसान जीत के दौरान 47 गेंद में नाबाद 77 रन की पारी खेलने वाले गायकवाड़ 13 स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारत के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल रिंकू सिंह चार स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर हैं। उन्होंने दूसरे टी20 में 22 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए। पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद ऑलराउंडर अभिषेक ने दूसरे मैच में सिर्फ 47 गेंद में 100 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत उन्होंने 75वें स्थान के साथ पहली बार रैंकिंग में जगह बनाई।

### अक्षर गेंदबाजों की सूची में नौवें स्थान पर

टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की सूची में बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। उनके 644 अंक हैं। भारत के बाएं हाथ के एक अन्य स्पिनर कुलदीप यादव भी तीन स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर खिसक गए। टी20 विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह भी दो स्थान के नुकसान से 14वें पायदान पर हैं। भारत के उप कप्तान हार्दिक पंड्या को टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह दूसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर हैं। पहले मैच में 27 रन की पारी खेलने के अलावा दो मैच में तीन विकेट चटकाने वाले भारत के वाशिंगटन सुंदर शीर्ष 50 में शामिल हो गए हैं। ऑलराउंडर की सूची में अक्षर 12वें स्थान पर हैं।

# द्रविड़ ने जीता दिल, बोनस राशि लेने से किया इंकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने हाल में टी20 विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा ढाई करोड़ रुपए की अतिरिक्त बोनस राशि की पेशकश ठुकरा दी है। द्रविड़ को राष्ट्रीय टीम की सफलता के बाद बोनस राशि की पेशकश की गई थी लेकिन उन्होंने अन्य कोचिंग स्टाफ के समान ढाई करोड़ रुपए



लेने की इच्छा जताई। बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद बीसीसीआई उन्हें खिलाड़ियों के समान पांच करोड़ रुपए देना चाहता था लेकिन एजेंसी को पता चला है कि यह 51 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर अन्य कोचिंग स्टाफ के समान राशि लेकर खुश है।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम संख्या 25 (2009) के तहत स्थापित)
जांट-पाली, महेंद्रगढ़ - 123029

ह.के.वि/ सं. एवं सा. प्र./2024/4504 (डी) दिनांक: 09/07/2024

**अल्पावधि निविदा सूचना**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में दिनांक 22.07.2024 को आयोजित होने वाले **"हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह-2024"** के लिए **"वाटर प्रूफ एवं फायर प्रूफ हैंगर, टेंट, साउंड, लाइटिंग तथा संबद्ध सेवाएं"** उपलब्ध कराने हेतु दो-भागों (बोली) प्रणाली के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पूर्ण भरी हुई निविदाएं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक खण्ड में संपदा एवं सामान्य प्रशासन अनुभाग के कक्ष संख्या 123 में दिनांक **16.07.2024** को दोपहर **2:00 बजे तक** में जमा की जा सकती है। निविदा के संबंध में अधिक विवरण/ नियम एवं शर्तों/ शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट/ इत्यादि के लिए, कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट: www.cuh.ac.in देखें।

कुलसचिव

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REDD.NO. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**
सी.जी.आर.जे.–अ.–06072024–255240
CG-RJ-E-06072024-255240
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II– खण्ड 3 – उप खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं 2491] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 4, 2024/आषाढ 13,1946
No.2491 ] NEW DELHI, THURSDAY,JULY 4, 2024/ASHADHA 13 , 1946

रेल मंत्रालय
[उत्तर पश्चिम रेलवे (निर्माण–संगठन)]
अधिसूचना
जयपुर, 3 जुलाई , 2024

**का.आ. 2626 (अ).**– केंद्रीय सरकार ने रेल अधिनियम, (संशोधन) अधिनियम 2008 (2008 का 11 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) कि धारा 20क के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, उक्त भूमि जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, **हरियाणा राज्य में डोभ बहाली–भिवानी दोहरीकरण लाइन** की विशेष रेल परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबन्धन और परिचालन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने के आशय की घोषणा करती है:

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के भीतर,उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के सम्बन्ध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी अर्थात जिला राजस्व अधिकारी – रोहतक हरियाणा को लिखित में किया जायेगा और उसमे उसके आधार उपवर्णित करेगा और सक्षम प्राधिकारी आपेक्षकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जांच करने के पश्चात यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप धारा (२) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि का रेखांकन और भूमि के अन्य ब्यौरे उपलब्ध हैं और हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय मे उनका निरिक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**
**हरियाणा राज्य मे डोभ बहाली–भिवानी दोहरीकरण की विशेष रेल परियोजना हेतु के लिए अधिग्रहण की जाने वाली सरंचना सहित या उसके रहित भूमि का सक्षिप्त विवरण।**

जिला–रोहतक

| क्र.सं. | उपखंड/ तहसील का नाम | गाँव का नाम | सर्वे/खसरा सं | क्षेत्रफल कनाल/ मरला | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कलानौर कलां | भाली आनन्दपुर | 70/21/1/1 min | 0-12 | 0.0304 |
| 2 | | | 70/21/2 salim | 0-7 | 0.0177 |
| 3 | | | 71/21 min | 0-1 | 0.0025 |
| 4 | | | 71/24 min | 0-7 | 0.0177 |
| 5 | | | 71/25/1 min | 1-13 | 0.0835 |
| 6 | | | 71/26/2 min | 0-4 | 0.01011 |
| 7 | | | 86/1/1 salim | 0-1 | 0.0025 |
| 8 | | | 86/2/1 min | 0-15 | 0.0379 |
| 9 | | | 86/3/1/1 salim | 0-18 | 0.0455 |
| 10 | | | 86/4/1/1 salim | 0-13 | 0.0329 |
| 11 | | | 86/5/1/1 sallim | 0-3 | 0.00758 |
| 12 | कलानौर कलां | कलानौर कला | 92/17/2/1min | 0-5 | 0.0126 |
| 13 | | | 92/18/1/2 min | 0-1 | 0.0025 |
| 14 | | | 92/18/2/2 min | 0-12 | 0.0304 |
| 15 | | | 92/21/1 min | 1-6 | 0.0658 |
| 16 | | | 92/22/1 min | 1-18 | 0.0961 |
| 17 | | | 92/23/1/1/salim | 0-10 | 0.0253 |
| 18 | | | 93/25/2 min | 0-0 | 0.0004 |
| 19 | | | 369/2 min | 0-5 | 0.0126 |

[फा.सं. उपरे/मुख्यालय/सं. &. नि./443599200 भाग–9]
वेद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें 784-DR/24

## चिंतन

# सैनिकों की वापसी से रूस से रिश्तों में आएगा नया आयाम

भारत और रूस का रिश्ता सिर्फ पॉलिटिक्स या डिप्लोमेसी या फिर इकोनॉमी का नहीं है, बल्कि ये कुछ ज्यादा ही प्रेम और विश्वास का नाता है। जब पूरी दुनिया हमें जादूगरों और सपेरों का देशकर कहकर नीचा दिखाती थी, तब एकमात्र रूस ही था, जिसने न केवल हमें सहयोग और समर्थन दिया, बल्कि दुनिया को भी भारत का महत्व बताया। इस रिश्ते की शुरूआत आजादी के बाद 1947 में तब शुरू हुई, जब पहली बार भारत ने विजय लक्ष्मी पंडित को रूस (तब सोवियत संघ) का राजदूत बनाया। वहीं रूस ने किरिल नोविकोव को भारत का राजदूत बनाकर दिल्ली भेजा। तब से लेकर हर सुख-दुःख में रूस भारत के साथ खड़ा रहा। रूस ने मुश्किल वक्त में हमारा साथ दिया है। फिर चाहे 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध हो या फिर कश्मीर का मुद्दा। वहीं भारत ने भी रूस की हरसंभव मदद की है। भारत ने 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में जबरदस्त जीत हासिल की थी। 1971 में भारत ने रूस के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके मुताबिक यदि भारत पर हमला किया जाता है तो इसे सोवियत संघ पर हमला माना जाएगा और इसके लिए सोवियत संघ अपनी सेना भेजेगा। उस वक्त अमेरिका और ब्रिटेन ने पाकिस्तान का पक्ष लिया। दोनों ही युद्ध का परिणाम पाकिस्तान के पक्ष में चाहते थे। 6 दिसंबर को बांग्लादेश को एक स्वतंत्र देश के रूप में भारत ने मान्याता दे दी और उसके बाद अमेरिका ने हस्तक्षेप के लिए अपनी नौसेना के सातवें बेड़े के एक हिस्से को बंगाल की खाड़ी में जाने का आदेश दिया। वहीं ब्रिटेन ने अपने शक्तिशाली युद्धपोत एचएमएस ईगल को अरब सागर की ओर रवाना कर दिया। जवाब में सोवियत संघ ने परमाणु हथियारों से लैस युद्धपोत और पनडुब्बियों को भेजा दिया, जिसे देखकर अमेरिका और ब्रिटेन पीछे हट गए। केवल इतना ही नहीं, जब भारत ने अपने अंतरिक्ष मिशन के लिए अमेरिका से मदद मांगी तो उसने हमारी खिल्ली उड़ाई, लेकिन रूस मददगार बना। भारत आज दुनियाभर में अपनी अंतरिक्ष परियोजनाओं के कारण चर्चा का केंद्र बना हुआ है। एक वक्त ऐसा भी था, जब भारत की मदद के लिए उसके सबसे अच्छे और भरोसेमंद दोस्त रूस ने अपनी भूमिका निभाई थी। आजादी के बाद जब भारत दुनिया के नक्शे पर मजबूती से अपने कदम जमाने की कोशिश कर रहा था। तब तत्कालीन सोवियत संघ ने उसकी मदद की। भारत में आज हम जो औद्योगिकरण देख रहे हैं। उसकी नींव रखने में सोवियत संघ का बड़ा योगदान रहा है। भारत में बोकारो-भिलाई के कारखाने, भाखड़ा-नांगल बांध, हैदराबाद फार्मास्युनटिकल प्लांट, दुर्गापुर संयंत्र जैसी ऐसी कितनी ही मिसाल हैं, जिनकी स्थापना में रूस का बड़ा योगदान दिया। बात चाहे कश्मीर की हो या आधुनिक तकनीक की, रूस हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे से इन संबंधों को नया आयाम मिलने जा रहा है। दोनों देश कई क्षेत्रों में मिलकर काम करने को तैयार हैं। यहां तक कि पुतिन और नरेंद्र मोदी की बातचीत में युद्ध लड़ रहे 200 से ज्यादा भारतीय सैनिकों के देश वापस आने की भी उम्मीद बंध गई है। दरअसल, 200 से ज्यादा भारतीय रूसी सेना की ओर से यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। इनमें से 4 जान गंवा चुके हैं। अब उम्मीद है कि जल्द ही ये सैनिक अपने घर वापस आ जाएंगे। इससे दोनों देशों के रिश्तों में एक नया आयाम आएगा।



विश्लेषण
डॉ. अश्विनी महाजन

# स्टार्टअप्स की घर वापसी सुखद

ऐसी खबरें आई है कि कई भारतीय स्टार्टअप्स, जो पहले विदेशों में फ्लिप कर गए थे, अब भारत लौट रहे हैं, जिसे हम रिवर्स फ्लिपिंग कहते हैं। रिवर्स फ्लिपिंग का मतलब है कि स्टार्टअप्स जिन्होंने अपनी मालिकाना कंपनियों को विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किया था, वे स्वामित्व को वापस भारत ला रहे हैं। हम इसे घर वापसी कह सकते हैं। यह वाकई एक अच्छी खबर है। भारत से कंपनियों के फ्लिपिंग का पहला और सबसे बड़ा नुकसान संपत्ति और आय पैदा करने वाली संपत्ति का है। हालांकि, यह अच्छी खबर है कि जो फ्लिप कर गए थे वे वापस आ रहे हैं, लेकिन यह चुनौतियों से भरी हुई है। जो वापस फ्लिप कर रहे हैं वे कर का भुगतान करके ही ऐसा कर सकते हैं।

हाल ही में, ऐसी खबरें आई हैं कि कई भारतीय स्टार्टअप्स, जो पहले विदेशों में फ्लिप कर गए थे, अब भारत लौट रहे हैं, जिसे हम रिवर्स फ्लिपिंग कहते हैं। किसी भारतीय कंपनी के फ्लिपिंग का मतलब है एक ऐसा लेन-देन जिसमें प्रमोटर किसी विदेशी क्षेत्राधिकार में अपनी कंपनी को पंजीकृत करता है, जिसे फिर भारत में स्टार्टअप कंपनी की होल्डिंग कंपनी बना दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय स्टार्टअप का अंतिम स्वामित्व विदेशी क्षेत्राधिकार में चला जाता है। इसलिए रिवर्स फ्लिपिंग का मतलब है कि स्टार्टअप्स जिन्होंने अपनी मालिकाना कंपनियों को विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किया था, वे स्वामित्व को वापस भारत ला रहे हैं। हम इसे घर वापसी कह सकते हैं। यह वाकई एक अच्छी खबर है।

जिन महत्वपूर्ण स्टार्टअप्स ने वापस फ्लिप किया है, उनमें फ़ोनपे और ग्रो शामिल हैं। इनके अलावा, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने भी अपनी मूल इकाई को सिंगापुर से फिर से भारत में लाने के लिए बातचीत शुरू की है। ज़ेप्टो और रेज़र पे भी वापस फ्लिप करने की कोशिश कर रहे हैं। पाइन लैब्स को भी सिंगापुर स्थित इकाई के विलय के लिए सिंगापुर कोर्ट से मंजूरी मिल चुकी है। फ्लिप करने वालों के पसंदीदा गंतव्य सिंगापुर, मॉरीशस, केमैन आइलैंड और यूनाइटेड किंगडम थे, जबकि भारतीय स्टार्टअप फ्लिपिंग के माध्यम से भारत के विनियामक दायरे से बाहर हो गए थे, उन्होंने अब एक व्यावसायिक रणनीति के रूप में 'रिवर्स फ्लिपिंग' के माध्यम से भारतीय विनियामक ढांचे के तहत आना चुना है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसके कारणों और प्रभावों को समझने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि फ्लिप करने वाले स्टार्टअप वो हैं जिनके प्रमोटर भारत से हैं और उन्होंने भारतीय संसाधनों- मानव, पूंजी और सरकारी सहायता से अपना कारोबार खड़ा किया। फ्लिप करने का पहला कारण यह है कि वे भारतीय नियामक प्रणाली, भारतीय कर कानूनों और भारतीय अधिकारियों की जांच से बचना चाहते थे। दूसरा कारण यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय निवेशक उन कंपनियों को विदेश में फ्लिप करने के लिए मजबूर करते हैं जहां वे अपना पैसा लगाते हैं। ज़्यादातर वे इन स्टार्टअप में निवेश करने से पहले इसे एक पूर्व शर्त के रूप में रखते हैं और चाहते हैं कि इन स्टार्टअप का डेटा और बौद्धिक संपदा विदेश में हो। तीसरा, अमेरिका, सिंगापुर जैसे कई देशों ने स्टार्टअप और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई अनुकूल नीतियां बनाई हैं, जैसे कि कॉर्पोरेट टैक्स की कम दर, स्थिर जीएसटी, शून्य पूंजीगत लाभ कर दर, दोहरे कर से बचाव संधियां आदि। चौथा, ये स्टार्टअप अपने शेयरों को विदेश में सूचीबद्ध करना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अभिनव विचारों को बेहतर मूल्यांकन मिलता है। स्पेशल पर्पस एक्विजिशन कंपनी (एसपीएसी) एक ऐसा मॉडल है जिसने कई स्टार्टअप को अपनी होल्डिंग कंपनियों को अमेरिका में सूचीबद्ध करने के लिए आकर्षित किया है। अंतिम लेकिन अत्यधिक महत्वपूर्ण कारण है कि, कराधान के मामले में भारतीय घरेलू निवेशकों के लिए



समान अवसर की कमी थी, इसलिए विदेशी निवेशकों ने भारतीय निवेशकों की तुलना में ज़्यादा लाभ उठाया।

भारत से कंपनियों के फ्लिपिंग का पहला और सबसे बड़ा नुकसान संपत्ति और आय पैदा करने वाली संपत्ति का है। जब कोई भारतीय कंपनी विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किसी कंपनी की सहायक कंपनी बन जाती है, या दूसरे शब्दों में, एक विदेशी कंपनी बन जाती है, तो सरकार न केवल पूंजीगत लाभ कर राजस्व का अवसर खो देती है, बल्कि स्टॉक एक्सचेंजों पर कंपनी की लिस्टिंग से संभावित पूंजी निर्माण से भी वंचित हो जाती है। दूसरा, देश की बौद्धिक संपदा विदेशी देशों को हस्तांतरित हो जाती है और डेटा पर अधिकार भी विदेशियों को मिल जाता है। गौरतलब है कि इन स्टार्टअप्स का कारोबार हर साल 100 से 200 प्रतिशत की दर से बढ़ता है। बौद्धिक संपदा में भविष्य की वृद्धि और विस्तार के सभी लाभ भी विदेशी देशों को हस्तांतरित हो जाते हैं। तीसरा, फ्लिप करने वाले स्टार्टअप भारतीय कर क्षेत्राधिकार और अन्य विनियामक ढांचे से बाहर हो जाते हैं और इस तरह वे अपने भारतीय समकक्षों पर बढ़त हासिल कर लेते हैं। चौथा, चूंकि फ्लिप किए गए स्टार्टअप का मुख्यालय विदेश में होता है, इसलिए उनके फंड के स्रोत को जानना मुश्किल हो जाता है। पांचवां, हमारे स्टार्टअप के फ्लिप करने का नुकसान यह भी है, कि इससे भारतीय शेयर बाजार की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार का दावा है, और शायद यह सही भी है कि भारत की मजबूत वृद्धि घरेलू स्टार्टअप के रूप में 'रिवर्स फ्लिपिंग' की प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो कभी पूंजी तक पहुंच और कर लाभ के लिए विदेश जाते थे, अब घर लौट रहे हैं। विकास और तकनीकी विकास के साथ, कई अन्य कारण भी हैं, जो इस रिवर्स फ्लिपिंग को चलाते हैं। सबसे पहला कारण यह है कि भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पिछले एक दशक में महत्वपूर्ण परिपक्वता प्राप्त की है। अब उद्यमियों के लिए अधिक सहायक वातावरण है फंडिंग, प्रतिभा और बुनियादी ढांचे तक बेहतर पहुंच है। दूसरा, भारत अपने विशाल और बढ़ते उपभोक्ता बाजार के कारण तेजी से व्यवसाय शुरू करने और विस्तार करने के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। तीसरा, भारत की उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी पारिस्थितिकी तंत्र भी काफी विकसित हुआ है, जो पूंजी की तलाश करने वाले स्टार्टअप्स के लिए पर्याप्त फंडिंग के अवसर प्रदान करता है। चौथा, पहले घरेलू वीसी के लिए समान अवसर की कमी थी, क्योंकि वे अपने विदेशी समकक्षों की तुलना में अधिक कर का भुगतान कर रहे थे, लेकिन वित्त अधिनियम 2021-22 के माध्यम से सरकार ने भारतीय वीसी के लिए भी पूंजीगत लाभ पर अधिभार 37 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। एक महत्वपूर्ण कारण है कि, गिफ्ट सिटी की नीति ने भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य में भी एक बड़ा बदलाव लाया है, क्योंकि उन्हें अपने शेयरों को विदेशों में सूचीबद्ध करने के लिए फ्लिप नहीं करना पड़ता है; वे गिफ्ट सिटी के माध्यम से अपने शेयरों को सूचीबद्ध करके समान उद्देश्य प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, यह अच्छी खबर है कि जो लोग फ्लिप कर गए थे वे वापस आ रहे हैं, लेकिन यह प्रक्रिया चुनौतियों से भरी हुई है। यह ध्यान रखना है कि जो लोग वापस फ्लिप कर रहे हैं वे केवल कर का भुगतान करके ही ऐसा कर सकते हैं।

ओला कैब्स के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने 'एक्स' पर कहा है, 'जिस भी उद्यमी ने ऐसा किया, उसे इसका पछतावा हुआ। भारतीय व्यवसाय के लिए विदेशी निवास पर विचार करने वाले किसी भी उद्यमी को उस मूल सिद्धांत पर टिके रहना चाहिए, जहां आप और आपकी कंपनी का संबंध है।' समझा जा सकता है कि ये उद्यमी या स्टार्टअप जो वापस फ्लिप कर रहे हैं, वास्तव में इस बात का पछतावा कर रहे हैं कि उन्होंने पहले फ्लिप क्यों किया।

(लेखक दिल्ली विवि में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



अमृतसर का स्वर्ण मंदिर केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का मशहूर मंदिर है जिसकी गिनती भारत के सबसे चमत्कारिक मंदिर में की जाती है। बहुत कम लोग जानते हैं लेकिन इस मंदिर को हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है। कहने को तो ये सिखों का गुरुद्वारा है, लेकिन मंदिर शब्द का जुड़ना इसी बात का प्रतीक है कि भारत में हर धर्म को एकसमान माना गया है।

## आत्मबल प्राप्त होगा ईश्वर के सान्निध्य में



संकलित
दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है।

## कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछा- इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दिया कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोला-यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

विडंबना
सोनम लववंशी




# धर्मस्थलों पर बदइंतजामी से हादसे

हाथरस में सत्संग समापन के बाद मची भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। इस घटना ने न केवल विचलित किया है बल्कि ऐसे आयोजनों को लेकर कई सवाल भी खड़े कर दिए। विडंबना देखिए कि जो बाबा खुद को भगवान मानता है, लोगों को जीवन दान देने का दावा करता है। वही इनकी मौत की वजह बन गया। खुद को गरीबों का मसीहा बताने वाला बाबा घटना के बाद से फरार है। यहां तक कि मासूम लोगों की चीख पुकार सुनने के लिए प्रशासन की व्यवस्था भी माकूल नहीं थी। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन के अध्ययन की मानें तो भारत में भगदड़ के 79 फ़ीसदी मामले धार्मिक सभाओं या तीर्थ यात्राओं के दौरान होते हैं। किसी भी धार्मिक सभा के आयोजन से पूर्व प्रशासन से अनुमति लिए जाने का नियम है तो फिर क्यों ऐसे आयोजनों में नियमों की अनदेखी की जाती है? ऐसे हादसों के कारण इन आयोजनों में सुरक्षा उपाय की अनदेखी पर सवाल उठाते हैं? सवाल तो यह भी है कि 17 साल पहले पुलिस की नौकरी छोड़ कथा वाचक बने बाबा में ऐसा क्या सम्मोहन था कि उत्तर प्रदेश ही नहीं मध्य प्रदेश, हरियाणा तक के श्रद्धालु भारी संख्या में बाबा की एक झलक पाने के लिए पहुंच गए? इस घटना के बाद प्रशासन द्वारा जांच, मुआवजा और कार्रवाई की बात कही जा रही है, लेकिन उन परिवारों का क्या जिन्होंने अपनों को खोया है? क्या मुआवजे का मरहम उन परिवारों का दर्द भर पाएगा? सवाल तो यह भी है कि इतने बड़े आयोजनों में पुलिस प्रशासन की कोई जवाबदेही नहीं होती क्या? जाहिर सी बात है कि हर घटना की तरह इस हादसे की भी लीपापोती शुरू कर दी गई है। तभी तो इतनी मौत के दोषी बाबा के नाम पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। क्या बिना राजनीतिक संरक्षण के ऐसे बाबाओं की दुकान फल- फूल सकती है। सवाल बहुतेरे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल तो यह भी है कि ऐसे हादसों के हो जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन क्यों जगाता है? क्यों पिछले हादसों से जिम्मेदार कोई सबक नहीं सीखते। सैकड़ों की संख्या में हुई मौत का जिम्मेदार आखिर कौन है? भारत में धार्मिक आयोजनों में इस तरह के हादसों की एक लम्बी फेहरिस्त है। बीते दिनों मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के बेलेश्वर महादेव मंदिर में रामनवमी के दिन एक बावड़ी की छत ढहने से 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के समय वहां धार्मिक आयोजन चल रहा था। इससे पहले जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ में 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अक्तूबर 2018 में पंजाब के अमृतसर में दशहरे पर रावण दहन को देखने में भीड़ रेलवे ट्रैक पर आ गई। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आकर 60 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2016 में केरल के कोल्लम में एक मंदिर में आग लगने से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। ताज्जुब की बात है कि लोग भी ऐसे बाबाओं के बहकावे में आ जाते हैं। यही वज़ह है कि कभी भगदड़ से तो कभी प्रशासन की बदइंतजामी की वजह से ऐसे होते हैं। प्रशासन उनकी मौत पर मुआवजे का ऐलान करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। ऐसे में सचेत स्वयं को करना होगा, वरना धर्म के नाम पर ये अपना व्यवसाय यूं ही चलाते रहेंगे और लोगों की जान यूं ही जाती रहेगी।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन

परजीवी




## आज की पाती

### जवानों का बदला आतंकियों को मारकर लो

जम्मू के कठुआ क्षेत्र में सेना के काफिले पर आतंकवादियों का हमला बहुत ही चिंताजनक और दुखद है। हमारे पांच जवान शहीद हो गए। उनको पूरे देश की ओर से प्रणाम करते हैं और जो घायल हैं उनके स्वस्थ होने के लिए प्रभु से प्रार्थना। भारत सरकार से यह निवेदन है कि पिछले तीस दिनों में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के हमले बहुत बढ़ गए हैं। पिछले सप्ताह भी दो जवान शहीद हुए। उससे पहले भी आतंकवादियों ने हमारी सेना और सुरक्षा बलों पर हमले किए। मुझे ऐसा लगता है कि चुनावों के बाद जो सरकारें यह समझने लगीं कि जनता ने लोकतंत्र का सहारा लिया इसलिए ज्यादा चिंता नहीं, यह सही नहीं। कश्मीर की जनता तो मतदान के द्वारा अपना कर्तव्य पूरा कर चुकी है। अब भारत सरकार को सात जवानों की शहादत का बदला 70 आतंकी मारकर लेना चाहिए।

*– वीरेंद्र कश्यप, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# ट्रंप लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाह रहे: हैरिस



अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मंगलवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे। हैरिस ने बाइडन-हैरिस के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए लास वेगास में कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं।' यह कार्यक्रम पूरे देश में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई नागरिक और प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) के मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को संगठित करेगा। हैरिस ने आरोप लगाया कि ट्रंप के सलाहकारों ने 900 पृष्ठों का एक 'ब्लूप्रिंट' तैयार किया है जिसे वे 'प्रोजेक्ट 2025' बता रहे हैं जिसमें ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किए जाने वाले कार्यों का विवरण है। इसमें सामाजिक सुरक्षा में कटौती करना, इंसुलिन पर 35 डॉलर की सीमा को खत्म करना, शिक्षा विभाग खत्म करना और 'हीड स्टार्ट' जैसे कार्यक्रमों को समाप्त करने जैसे कदम शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, कोई गलती न करें, अगर ट्रंप को मौका मिला तो वह प्रत्येक राज्य में गर्भपात पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय गर्भपात प्रतिबंध पर हस्ताक्षर करेंगे।

## ऑफ बीट

# गोंडवाना में पाए गए जीवित जीवाश्म का हुआ खुलासा



एम्बर जीवाश्म वृक्ष राल में संरक्षित होते हैं। भूमि या समुद्र में पाए जाने वाले पारंपरिक जीवाश्मों के विपरीत, एम्बर प्राचीन जीवन रूपों को अविश्वसनीय विस्तार से संरक्षित कर सकता है। इसे अक्सर दुनिया भर में जीवाश्म विज्ञान की पवित्र कब्र माना जाता है। एम्बर एक टाइम कैप्सूल की तरह काम करता है, जो लाखों साल पहले के छोटे जानवरों, पौधों और यहां तक कि सूक्ष्मजीवों को भी पकड़ लेता है। ये जीवाश्म – जिन्हें समावेशन के रूप में भी जाना जाता है – आश्चर्यजनक रूप से ताजा, संरक्षित दिखाई दे सकते हैं जैसे वे तब थे जब वे पेड़ की चिपचिपी राल में फंसकर मर गए थे। ऑस्ट्रेलियाई एम्बर अब चार करोड़ 20 लाख वर्ष पहले के प्राचीन गोंडवानन वातावरण की जैविक विविधता और आज के ऑस्ट्रेलियाई जंगलों से उनके संबंधों को समझने में मदद कर रहा है। इससे हम और भी कारण जान सकते हैं कि हमें आज के वनों की रक्षा क्यों करनी चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई एम्बर का अद्वितीय मूल्य विशिष्ट, कुचली हुई जीवाश्म चट्टान आकृतियों के विपरीत, जीवाश्म विज्ञानी एम्बर को पूर्ण तीन आयामों में समावेशन को संरक्षित करने की उल्लेखनीय क्षमता के लिए महत्व देते हैं।

## ट्रेंड

### चिंतन शिविर मंत्र पर पुस्तक



लोक प्रशासन में निर्णय लेने की हमारी प्राचीन एवं वैदिक प्रणाली रही है। जिसको पुनः स्थापित करते हुए पीएम मोदी ने 'चिंतन शिविर' का मंत्र दिया है। इन शिविरों के अनुभवों और सफलताओं को संकलित करते हुए मैंने 'चिंतन शिविर-लोक प्रशासन का मोदी मंत्र' पुस्तक लिखी है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### लोगों के जीवन में तबाही



एक अकेला, सब पर भारी! पीएम मोदी ने नोटबंदी, त्रुटिपूर्ण जीएसटी और अनियोजित कोविड लॉकडाउन के विनाशकारी फैसलों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर तबाही मचाई! परिवारों को नष्ट कर दिया और करोड़ों लोगों के जीवन में तबाही मचा दी!

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अशक्त और मजबूर मुख्यमंत्री



पूरे विश्व में इतना असहाय, अशक्त, अक्षम, विवश, बेबस, लाचार और मजबूर कोई ही मुख्यमंत्री होगा जो बीडीओ, एसडीओ, थानेदार से लेकर वरीय अधिकारियों और यहाँ तक कि संवेदक के निजी कर्मचारी के सामने बात-बात पर हाथ जोड़ने और पैर पड़ने की बात करता हो?

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### कॉर्पोरेट करियर के चरण



कॉर्पोरेट करियर के चरण: प्रवेश स्तर : मैं तेजी से और सुंदर स्लाइड बनाता हूं। मध्य स्तर : मैं दूसरों से तेज़ और सुंदर स्लाइड बनवाता हूँ। वरिष्ठ स्तर: मैं ग्राहकों को यह विश्वास दिलाता हूं कि ये स्लाइड्स उनके व्यवसाय को बदल देंगी।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### 07 राज्यों में उपचुनाव, 13 विधानसभा सीटों पर 63.23 % मतदान

# बिहार में ग्रामीणों से झड़प में एसएचओ का सिर फटा, बंगाल में भिड़े भाजपा-टीएमसी समर्थक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद बुधवार को 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ, जो शाम 6 बजे तक चली। छिटपुट घटनाओं के अलावा कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। नतीजे 13 जुलाई को आएंगे। पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में भाजपा-टीमएसी समर्थक बूथ पर गड़बड़ी का आरोप लगाकर एक-दूसरे से भिड़ गए। पुलिस ने मामला शांत कराया। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजुमदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडे चौराहे पर खड़े होकर वोटिंग करने जा रहे लोगों को रोक रहे हैं। उत्तराखंड की मंगलौर सीट पर झड़प के बाद पुलिस बल तैनात करना पड़ा। बिहार में पूर्णिया की रुपौली सीट पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। पुलिस की माने तो बूथ के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने हटने को कहा तो बहस शुरू हो गई। इसके बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। एक एसएचओ और सिपाही घायल हो गए। उत्तरांखड और पश्चिम बंगाल को छोड़कर, बाकी राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।



### पुलिस और ग्रामीणों की बीच झड़प हुई

बिहार में पूर्णिया की रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव में 42.19% फीसदी मतदान हुआ। भवानीपुर प्रखंड क्षेत्र के भंगड़ा मध्य विद्यालय बूथ संख्या 75 और 76 पर पुलिस और ग्रामीणों की बीच झड़प हुई है। पुलिस की माने तो बूथ के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने हटने को कहा तो बहस शुरू हो गई। इसके बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में चुनाव में ड्यूटी में तैनात एसएचओ तारकेश्वर सिंह और एक सिपाही घायल हुए हैं। एसएचओ ने कहा कि भीड़ हटाने में कहासुनी हो गई। जिसके बाद लोग पुलिस के जवान से उलझ गए। ग्रामीणों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी।

### बंगाल : चार विस सीटों पर 62 फीसदी मतदान

कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार को शाम पांच बजे तक 62.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रायगंज में सबसे अधिक 67.12 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद रानाघाट दक्षिण में 65.37 प्रतिशत, बगदाह में 65.15 प्रतिशत और मानिकतला में 51.39 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, मतदान केन्द्रों के बाहर मतदाता कतारों में खड़े हैं, जिससे मतदान प्रतिशत में और वृद्धि हो सकती है।

### पंजाब : जालंधर पश्चिम सीट पर 42.60 % मतदान

जालंधर (भाषा)। पंजाब की जालंधर पश्चिम विधानसभा सीट पर उपचुनाव के तहत बुधवार को अपराह्न तीन बजे तक 42.60 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जालंधर पश्चिम में बहुकोणीय मुकाबला है। यहां प्रमुख राजनीतिक दल आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है।

### हिमाचल : तीन विस सीटों पर लोगों ने किया मतदान

शिमला (भाषा)। हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार सुबह से जारी मतदान के तहत पूर्वाह्न 11 बजे तक 32.7 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। देहरा विधानसभा क्षेत्र में 31.61 प्रतिशत, हमीरपुर में 31.81 प्रतिशत और नालागढ़ में 34.63 प्रतिशत मतदान हुआ। तीन विधानसभा सीट पर कुल 2,59,340 लोग मतदान के लिए पात्र हैं। ये सीटें तीन निर्दलीय विधायकों-होशियार सिंह (देहरा), आशीष शर्मा (हमीरपुर) और के एल ठाकुर (नालागढ़) के 22 मार्च को सदन की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई थीं।

### बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला : रोज हो रहे चौंकाने वाले खुलासे

# आरोपी ने गर्लफ्रेंड को 40 फोन किए, दंपती को उड़ाने के बाद 2 घंटे उसके घर रुका, 16 तक पुलिस हिरासत में भेजा

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई हिट-एंड-रन केस के आरोपी और शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। उसे 7 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। घटना के तीसरे दिन, करीब 60 घंटे बाद पुलिस उसे पकड़ने में कामयाब हुई। मिहिर रविवार को बीएमडब्ल्यू से कावेरी नखवा नाम की महिला को कुचलने के बाद से फरार था। सूत्रों ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद मिहिर ने सबसे पहले अपने पिता को फोन किया। उन्होंने ही उसे भागने के लिए कहा था। इसके बाद मिहिर ने बीएमडब्ल्यू कार और ड्राइवर को बांद्रा के कला नगर के पास छोड़ा। पकड़े न जाने के लिए उसने कार की नंबर प्लेट हटाई। कार छोड़ने के बाद वह रिक्शा लेकर गोरेगांव में अपनी गर्लफ्रेंड के घर गया। एक्सीडेंट से गर्लफ्रेंड के घर पहुंचने तक मिहिर ने 40 बार गर्लफ्रेंड से फोन पर बात की। महिरि गर्लफ्रेंड के घर 2 घंटे रुका। इस दौरान गर्लफ्रेंड ने मिहिर की बहन को फोन पर घटना की जानकारी दी।

### जिस बार में गया, उसे बीएमसी ने गिराया

मुंबई (भाषा)। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की और 3,500 वर्ग फुट के अवैध निर्माण को गिरा दिया। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए अनधिकृत निर्माण और बदलावों को ध्वस्त कर दिया।


**OFFICE OF THE MARKET COMMITTEE, FATEHABAD**

**TENDER NOTICE No. 2 /2024**

E-Tender is invited for purchase of below mentioned items in single stage two cover system i.e. Request for Pre-Qualification/ Technical Bid (online Bid under PQQ/ Technical Envelope) and Request for Financial Bid (comprising of price bid Proposal under online available Commercial Envelope):-

| S No. | Name of Board/ Corp/ AUTH | Name of Work / Notice Tender | Opening Date/Closing Date (Time) | EMD/ Tender Document/ E-service (Approx.) In Rupees | Website of the Board Corp. /AUTH | Nodal Officer/ Contact Details/ Email | Estimated cost per month | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Market Committee Fatehabad | Cleanliness work in the Mandis and Cleanliness & Maintenance of Toilets falling under Market Committee Fatehabad for the period 01.08.2024 to 31.07.2025 | 10.07-2024 2:00 P.M. & 17.07-2024 2:00 P.M. | 46380/- 1000/- 1180/- (GST Included) 193250*12= 2319000/- for the year 2024-25 | https:// etenders. hry.nic.in. | Sh. Yaspal Mehta SMC mktfatehabad2019@gmail.com | 1,93,250/- | One year (1st August 2024 to 31st July 2025 |

Note:- For details (E-tendering ) please visit our website:- https://etenders.hry.nic.in.

-SECRETARY-CUM-E.O., MARKET COMMITTEE, FATEHABAD


### आप से मोह भंग, भाजपा में शामिल

# पूर्व मंत्री आनंद, विधायक और कई नेताओं ने छोड़ दिया आप का साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार में मंत्री रह चुके और आम आदमी पार्टी को अलविदा कह चुके राजकुमार आनंद ने आज बसपा का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। लोकसभा चुनाव से पहले मंत्री पद से इस्तीफा देकर वे बसपा में शामिल हुए थे।

इनके अलावा आप के छतरपुर से विधायक करतार सिंह तंवर और आप पार्षद उमेद सिंह फोगाट भी भाजपा में शामिल हुए हैं। पूर्व विधायक वीणा आनंद, आप नेता रत्नेश गुप्ता और सचिन राय भी भाजपा में शामिल हुए।



#### *आनंद पहले बसपा में थे*

*आनंद ने लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस सीट से भाजपा की बांसुरी स्वराज ने जीत दर्ज की थी। आनंद दिल्ली सरकार में सामाजिक कल्याण मंत्री थे। उन्होंने दिल्ली सरकार पर एससी विरोधी बताते हुए मंत्री पद के साथ आप से इस्तीफा दे दिया था।*

भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद सचदेवा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

### बच्चों को फ्री टेबलेट और मंदिर के लिए 100 करोड़

जयपुर। राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने पहला पूर्ण बजट पेश करते हुए 4 लाख भर्तियां करने, 25 लाख ग्रामीण मकानों में नल से जल पहुंचाने की घोषणा की। राज्य में पहली बार 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाए जाएंगे। मेधावी स्कूली छात्रों को इंटरनेट के साथ मुफ्त टैबलेट देंगे। दीया ने कहा कि खाटू श्याम मंदिर में 100 करोड़ का गलियारा बनाएंगे।



### शिवसेना और एनसीपी के बीच बढ़ी खटपट

मुंबई। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के बाद सभी पार्टियां विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। सीएम एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना और डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी आगामी विधानसभा इलेक्शन के लिए पुणे की सीटों को लेकर आमने-सामने हैं। शिंदे सेना पुणे के मुखिया नाना भांगिरे ने कहा कि 8 में से 3 सीटों पर हमें चुनाव लड़ना चाहिए।



### भाजपा की शिक्षा विरोधी नीयत के कारण मेधावी युवाओं का भविष्य अधर में: राहुल

नई दिल्ली (भाषा)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्रों के प्लेसमेंट और वार्षिक पैकेज में कथित तौर पर गिरावट को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शिक्षा विरोधी नीयत के कारण मेधावी युवाओं का भविष्य अधर में है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष अपनी पूरी शक्ति से युवाओं की आवाज निरंतर उठाता रहेगा और इस अन्याय पर सरकार को जवाबदेह बनाकर रहेगा। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक खबर साझा करते हुए कहा, ''आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव अब देश के सबसे प्रतिष्ठित आईआईटी जैसे शीर्ष संस्थान भी झेल रहे हैं। आईआईटी में प्लेसमेंट और वार्षिक पैकेज में गिरावट, बेरोज़गारी का चरम झेल रहे युवाओं की स्थिति पर और गहरा आघात कर रहे हैं।

### हाईकोर्ट में दाखिल किया जवाब

# जमानत रद करना न्याय की विफलता के समान : केजरीवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को हाईकोर्ट में दाखिल जवाब में कहा- मेरी जमानत रद करना न्याय की विफलता के समान है। मैं विच हंट का शिकार हुआ हूं। दरअसल, जानबूझकर किसी व्यक्ति को परेशान करना विच हंट का शिकार होना कहलाता है। यह राजनीतिक विरोधी भी हो सकता है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में केजरीवाल ने कहा- ईडी कस्टडी के दौरान जांच अधिकारी ने कोई खास पूछताछ नहीं की गई। एक राजनीतिक विरोधी को परेशान और अपमानित करने के लिए अवैध रूप से गिरफ्तारी की गई है। मामले को लेकर जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने अब ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है। केस की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी। केजरीवाल पर ईडी के अलावा सीबीआई का केस भी चल रहा है। शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर सीबीआई ने उन्हें 26 जून को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।










# भारत ने दुनिया को 'बुद्ध' दिया, 'युद्ध' नहीं: मोदी

## भारत और ऑस्ट्रिया का संयुक्त घोषणा पत्र जारी

**वियना (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध दिया है, जिसका अर्थ है कि उसने हमेशा शांति एवं समृद्धि दी है और देश 21वीं सदी में अपनी भूमिका मजबूत करेगा। वियना में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि भारत आज सर्वश्रेष्ठ होने, सबसे उज्ज्वल बनने और सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। हम हजारों वर्षों से अपना ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करते रहे हैं। हमने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध दिया है। भारत ने हमेशा शांति और समृद्धि दी है और इसलिए भारत 21वीं सदी में अपनी भूमिका को और मजबूत करने जा रहा है। ऑस्ट्रिया की अपनी पहली यात्रा को ''सार्थक'' बताते हुए मोदी ने कहा कि कोई भारतीय प्रधानमंत्री 41 साल बाद इस देश की यात्रा पर आया है। यह लंबा इंतजार एक ऐतिहासिक अवसर पर समाप्त हुआ है। दोनों अपनी दोस्ती के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।'






■ 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा





### रूस-यूक्रेन शांति में भारत का रोल अहम रोल : चांसलर

एक दिनी यात्रा पर आस्ट्रिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और ऑस्ट्रिया का संयुक्त घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि मेरी ये यात्रा विशेष और ऐतिहासिक है। हमने दशकों के सहयोग का खाका तैयार किया है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी। हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं।

### ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने वंदे मातरम की प्रस्तुति देकर स्वागत किया

ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने वंदे मातरम की प्रस्तुति देकर मोदी का स्वागत किया। ऑर्केस्ट्रा का नेतृत्व विजय उपाध्याय ने किया। उपाध्याय (57) का जन्म लखनऊ में हुआ था। साल 1994 में वह वियना विश्वविद्यालय फिलहार्मनी के निदेशक बने।

### सहयोग से स्टार्टअप को देंगे गतिः मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया है। यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है। ढांचागत विकास, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### आईसीएमआर ने जारी की जीका पर नई गाइडलाइन

**नई दिल्ली।** कुछ दिनों से जीका वायरस के मामलें पुणे में बढ़ रहे हैं। कुछ अन्य राज्यों में भी इसके संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने जीका वायरस को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें राज्यों को डेंगू और चिकनगुनिया की जांच बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। सभी राज्य स्क्रीनिंग बढ़ाएं।



### हॉस्टल में परोसी जा रही चटनी में दौड़ रहा था चूहा

**हैदराबाद।** हॉस्टल में बच्चों को परोसने के लिए रखी गई चटनी में चूहा दौड़ लगाता नजर आ रहा है। मामला हैदराबाद के सुल्तानपुर के जवाहरलाल नेहरू टेक्निकल यूनिवर्सिटी की है। इसमें एक बड़े बर्तन में चटनी रखी हुई है जिसमें चूहे जैसी कोई चीज दिखाई दे रही है जो दौड़ लगा रही है। मेस के खाने में इस तरह की गंदगी देख कर यूनिवर्सिटी के छात्रों में काफी गुस्सा है।



### यूसीएमएस और जीटीबी के रेजीडेंट चिकित्सकों ने हड़ताल वापस ली

**नई दिल्ली (भाषा)** राष्ट्रीय राजधानी स्थित विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय (यूसीएमएस) और गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल के सीनियर एवं जूनियर रेजीडेंट चिकित्सकों ने बुधवार को अस्पताल के चिकित्सा निदेशक एवं कॉलेज के प्राचार्य के साथ बैठक के बाद अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हड़ताल एक मरीज के परिजनों द्वारा चिकित्सकों पर हमले के बाद शुरू की गई थी। 'रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोएशिएन' ने आधिकारिक बयान जारी किया है।

# मौसम विभाग: 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

# उत्तराखंड में लैंडस्लाइड व बाढ़ से हालात खराब

**जोशीमठ बद्रीनाथ हाईवे बंद**

**बिहार में आंधी-तूफान की संभावना**

एजेंसी ▶▶ चमौली/नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में मानसूनी बारिश हो रही है। इससे कई राज्यों में हालात अभी भी खराब हैं। कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और मौसम विभाग ने 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण जगह-जगह लैंडस्लाइड और बाढ़ से हालात खराब हैं। बुधवार को राज्य के चमोली जिले में पातालगंगा लंगसी टनल पर पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। इसका दिल दहलाने वाला वीडियो भी सामने आया है। टनल के पास सड़क पर मलबा गिरने से जोशीमठ बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया। पिछले 24 घंटों में भारी बारिश के चलते राज्य में तीन लोगों की मौत हुई है। हल्द्वानी, बनबसा, टनकपुर, सितारगंज और खटीमा में हालत सबसे ज्यादा खराब है। बिहार के अलग-अलग स्थानों पर बिजली के साथ आंधी-तूफान की संभावना है। भारी बारिश के कारण असम में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। राज्य में बाढ़ से 58 लोगों की मौत हो गई है।

**पातालगंगा लंगसी टनल पर पहाड़ गिरा**





### आगे क्या

कल पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उप्र, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, गोवा और मध्य महाराष्ट्र के अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

*पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार के उप-हिमालयी जिलों में 12 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है।*

बिहार के साथ-साथ नेपाल में लगातार बारिश हो रही है। बिहार के अलग-अलग स्थानों पर बिजली के साथ आंधी-तूफान की संभावना है।

### गोवा के पेरनेम स्टेशन पर सुरंग में पानी



देश के कई हिस्सों में ट्रेनों के परिचालन पर भी भारी बारिश का असर पड़ा है। गोवा के पेरनेम स्टेशन पर सुरंग में पानी के रिसाव के कारण कोंकण रेलवे मार्ग पर परिचालन प्रभावित हुआ है और कई रेल सेवाएं रोक दी गई है।

## यूएई में पहला सफल ऑपरेशन

# भारतीय मूल के डॉक्टर ने पहली बार किया बच्ची का लिवर ट्रांसप्लांट

भाषा ▶▶ दुबई

भारतीय मूल के एक डॉक्टर ने चार साल की बच्ची का सफलतापूर्वक यकृत (लिवर) प्रतिरोपण किया है जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है। यह यूएई में जीवित दानदाता का यकृत लेकर बच्ची में प्रतिरोपण करने का पहला मामला है।

बुर्जील मेडिकल सिटी (बीएमसी) में डॉ. रेहान सैफ के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने इस महत्वपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया। अबू धाबी में जन्मी रजिया खान को 'प्रोग्रेसिव फैमिलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस टाइप 3' (पीएफआईसी) नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी थी। रजिया के परिवार को पीएफआईसी के घातक परिणाम की जानकारी थी क्योंकि उनकी पहली बेटी की तीन साल पहले इसी बीमारी से भारत में मौत हो गई थी। रजिया की उम्र प्रतिरोपण के लायक होने तक नियमित तौर पर उसका इलाज और जांच की जा रही थी। रजिया इस बीमारी के चलते स्कूल नहीं जा पा रही थी और उसका शारीरिक विकास भी सामान्य बच्चों की तरह नहीं हो रहा था। रजिया के पिता इमरान खान ने कहा कि इसी बीमारी से बेटी को खो देने की वजह से हर दिन भय के साथ गुजरता था। मुझे पता नहीं था कि क्या होगा। हर दिन मुझे उसे खोने की आशंका सताती रहती थी। इमरान भारतीय हैं व 14 साल से यूएई में रह रहे हैं।

### डॉ. सैफ बेंगलुरु से हैं

डॉ. सैफ मूल रूप से बेंगलुरु से हैं और वह भारत से ब्रिटेन चले गए थे। वह इस समय ब्रिटिश नागरिक हैं और यूएई में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का एकमात्र इलाज यकृत प्रतिरोपण है। उनके नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने दानकर्ता और प्राप्तकर्ता की एक साथ सर्जरी की जो करीब 10 घंटे तक चली। उन्होंने कहा, ''यह यूएई के चिकित्सा समुदाय के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### आज से बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के विदेश मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन गुरुवार से दिल्ली में शुरू होगा। विदेश मंत्री जयशंकर इस सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। यह आयोजन मुख्य रूप से बंगाल की खाड़ी और तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा, व्यापार-निवेश के क्षेत्रों सहित कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने को अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन 11 से 12 जुलाई तक चलेगा।




### न्यायालय ने अदाणी समूह को दी जमीन वापस लेने के आदेश पर रोक लगाई



■ सुको ने गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को पलटा

**नई दिल्ली(भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी जिसमें राज्य सरकार से मुंद्रा बंदरगाह के पास 2005 में अदाणी समूह की कंपनी को दी गई लगभग 108 हेक्टेयर चारागाह भूमि को वापस लेने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने 'अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड' की अपील पर गौर किया कि न्याय के हित में इस आदेश पर रोक लगाना जरूरी है।

### सीमावर्ती क्षेत्रों पर भारत के साथ काम करने को तैयार हूंः चीनी विदेश मंत्री



■ मंत्री वांग यी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

**बीजिंग (भाषा)।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से कायम सीमा विवाद के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को 'ठीक से संभालने' के लिए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है। डोभाल को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर बधाई संदेश में वांग ने कहा कि चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व बढ़ाने वाला है। वांग विदेश मंत्री के अलावा भारत-चीन सीमा वार्ता प्रणाली के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं।

# हर दो में से लगभग एक चिकित्सकीय नुस्खा मानक दिशा-निर्देशों से भिन्न

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं की एक टीम ने किया दावा

भारत में हर दो में से लगभग एक चिकित्सकीय नुस्खा मानक दिशा-निर्देशों से भिन्न होता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

टीम ने मानक उपचार दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए अगस्त 2019 और अगस्त 2020 के बीच चिकित्सकों द्वारा लिखे गए 4,838 नुस्खों का विश्लेषण किया। ये नुस्खे भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा स्थापित 13 'रेशनल यूज ऑफ मेडिसिन सेंटर' (आरयूएमसी) में जारी किए गए थे जो देशभर के तृतीयक देखभाल शिक्षण अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्थित हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन 475 नुस्खों को मानक दिशा-निर्देशों से भिन्न पाया गया, उनमें से 54 में पैंटोप्राजोल है जिसे सबसे अधिक बार लिखा गया था। पैंटोप्राजोल को पेट में बनने वाले एसिड को कम करने में मदद करने के लिए जाना जाता है और यह आमतौर पर पैन 40 जैसे कई दवा नामों से उपलब्ध है।

### सोना 400 रुपये मजबूत व चांदी 94,400 रुपये पर स्थिर



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 400 रुपये के उछाल के साथ 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। सराफा बाजारों में सोना पिछले बंद भाव के मुकाबले 400 रुपये बढ़कर 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है।

# सेंसेक्स 427 अंक टूटकर रिकॉर्ड स्तर से फिसला

■ निफ्टी में भी 109 अंक की गिरावट

**मुम्बई(एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को भारी बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 426 अंक से अधिक टूटकर रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसल गया। हाल की तेजी के बाद बाजार में चौतरफा मुनाफावसूली देखने को मिली जिससे धातु, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयर काफी नुकसान में रहे। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती को लेकर अनिश्चितता से भी घरेलू बाजार प्रभावित हुआ।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 426.87 अंक की गिरावट के साथ 79,924.77 अंक पर बंद हुआ। एक समय बाजार ने 915.88 अंक का गोता लगाकर 79,435.76 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 108.75 अंक की गिरावट के साथ 24,324.45 अंक पर बंद हुआ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25